RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 6 , अंकः353, रविवार, 8 फरवरी 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8

9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार में समन्वय... 03



स्विफ्ट कार से पुलिस ने की 312 लीटर विदेशी शराब जब्त, चालक फरार 04

आलिया भट्ट ने दृश्यम 2 निर्देशक अभिषेक पाठक से मिलाया हाथ 07

# 22 भाषाओं में बोलेगा भारत का देसी एआई, मॉडल तैयार!

● खेती-किसानी की समस्याओं का भी मिलेगा समाधान, इसी महीने आएगा टेक्स्ट वर्जन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार देश का अपना आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मॉडल तैयार कर रही है। देश के पहले सरकारी और देसी सॉवरेन एआई मॉडल, भारत जेनएआई के तहत बनने वाले टेक्स्ट आधारित एआई मॉडल का काम इसी महीने पूरा कर लिया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में दी है। उन्होंने बताया कि यह एआई सिस्टम सिर्फ अंग्रेजी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हिंदी, तमिल, तेलुगु, बंगाली, मराठी, उर्दू सहित देश की सभी प्रमुख भाषाओं में लोगों से संवाद कर सकेगा। वहीं, इसी का बोलने और देखने की क्षमता वाला रूप




स्पीच और विजन टेक्नोलॉजी से लैस होगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत जेनएआई, इंडिया एआई मिशन के तहत विकसित किया जा रहा है और यह भारत का पहला राष्ट्रीय फाउंडेशनल लार्ज लैंग्वेज मॉडल होगा। इसे पूरी तरह भारतीय जरूरतों और सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों के अनुसार डिजाइन किया गया है।

● **खेती, स्वास्थ्य और कानून में मिलेगा फायदा-** सरकार के मुताबिक भारत जेनएआई का इस्तेमाल सिर्फ चैट या जानकारी देने तक सीमित नहीं रहेगा। इसका इस्तेमाल कृषि, आयुर्वेद, स्वास्थ्य सेवाओं और कानूनी सहायता जैसे क्षेत्रों में भी किया जाएगा, ताकि आम लोगों को सीधे फायदा मिल सके। इस परियोजना का नेतृत्व आईआईटी बॉम्बे कर रहा है, जिसमें आईआईटी मद्रास, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी कानपुर, आईआईटी मंडी और आईआईटी इंदौर जैसे प्रमुख संस्थान शामिल हैं।

### ● एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए हब और कंप्यूट सपोर्ट

सरकार के मुताबिक भारत जेनएआई के तीन मुख्य हिस्से हैं- टेक्स्ट, स्पीच और विजन। देशभर में 25 टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब बनाए गए हैं। एआई विकास के लिए जरूरी कंप्यूटिंग संसाधन जैसे कि जीपीयू और सर्वर आदि सब्सिडी दरों पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये का रिसर्च, डेवलपमेंट एंड इनोवेशन फंड शुरू किया है, जिससे एआई और नई टेक्नोलॉजी के विकास को वित्तीय मदद मिलेगी। इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने साफ किया कि भारत जेनएआई सरकारी स्वामित्व वाला सॉवरेन सिस्टम होगा लेकिन यह आम लोगों, स्टार्टअप और संस्थानों के लिए खुला रहेगा। इसके इस्तेमाल को लेकर नियम बनाए जा रहे हैं।

## भारत ने दुनिया को दिखाई परमाणु वाली ताकत

### ● मीडियम रेंज बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अपने दुश्मनों को एक बार फिर आगाह कर दिया है। शुक्रवार को भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने इस बात की जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया है कि इस



मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक किया गया। प्रक्षेपण के दौरान सभी संचालन और तकनीकी मानकों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया गया। यह परीक्षण स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड की देख रेख में किया गया। अग्नि-3 एक परमाणु क्षमता वाली इंटरमीडिएट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक इसके सफल परीक्षण ने मिसाइल सिस्टम की विश्वसनीयता की पुष्टि कर दी है। यह मिसाइल एक दो-स्टेज वाला सिस्टम है जो सॉलिड फ्यूल से चलता है। पहले स्टेज का ईंधन खत्म होने के बाद, दूसरा स्टेज शुरू होता है और मिसाइल तय रास्ते पर लक्ष्य की ओर आगे बढ़ता है। इससे मिसाइल की स्थिरता और सटीकता बनी रहती है। वहीं इसकी मारक क्षमता की रेंज की बात करें तो यह लगभग 3,000 से 3,500 किलोमीटर है।

## भारत और मलेशिया की विरासत साझी है

### ● कुआलालंपुर में बोले पीएम मोदी,रिसीव करने खुद पहुंचे पीएम इब्राहिम

### मोदी ने शिवरात्रि और रमजान की दी शुभकामनाएं,बताया ऐतिहासिक दौरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया के दौरे पर हैं। उन्होंने मलेशिया के कुआलालंपुर में भारतीय डायस्पोरा इवेंट में शिवरात्रि और रमजान की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया की विरासत साझी है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल मैं आसियान समिट के लिए मलेशिया नहीं आ पाया था। लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द ही मलेशिया आऊंगा। वादे के मुताबिक, मैं यहां हूं। 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है।



आपके स्वागत की गर्मजोशी हमारी साझा संस्कृति की खूबसूरत विविधता को दिखाती है। सबसे पहले, मैं अपने प्यारे दोस्त अनवर इब्राहिम को कम्युनिटी सेलीब्रेशन में शामिल होने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं उन्हें अभी अपने भाषण में भारत-मलेशिया दोस्ती के पैमाने और भविष्य की संभावनाओं पर उनके बहुत अच्छे शब्दों के लिए भी धन्यवाद देता हूं।

**मलेशिया के प्रधानमंत्री से द्विपक्षीय चर्चा करेंगे पीएम मोदी-** दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। इस दौरान दोनों देश यह देखेंगे कि भारत और मलेशिया के बीच बनी कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप में अब तक कितना डेवलपमेंट हुआ है और आगे क्या किया जा सकता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बातचीत में व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और लोगों के आपसी संपर्क जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

**पीएम मोदी बोले-**

### भारतीयों ने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा

पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा-मैंने यह भी कहा कि मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। मैंने बताया कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं, लेकिन भारत में बहुत से लोगों को यह बात पहले नहीं पता थी। उनके पिछले भारत दौरे के दौरान जब उन्होंने एक पुराना हिंदी गीत गाया, तो उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं।

## मंत्री-शाह ने कर्नल सोफिया मामले में चौथी बार मांगी माफी

### ● सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से पहले वीडियो जारी किया, कहा-आवेश में निकले थे शब्द



**भोपाल (एजेंसी)।** कर्नल सोफिया को लेकर दिए बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से दो दिन पहले प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने एक बार फिर माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है। शाह ने कहा- मैंने पहले भी कई बार कहा है, मेरा ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज, किसी वर्ग का अपमान हो। वे शब्द निस्संदेह मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। वे शब्द देश भक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे। गलती के पीछे की भावना को अवश्य देखा जाना चाहिए। आप सब जानते हैं कि मेरी कोई दुर्भावना नहीं थी। मैंने अंतःकरण से क्षमा याचना की। कई बार की है। आज फिर कर रहा हूं। मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक है कि मेरी छोटी से त्रुटि से ऐसा विवाद उत्पन्न हुआ। मुझे विश्वास है कि मेरी भावनाओं को सही संदर्भ में देखा जाएगा।

### ● विजय शाह ने पिछले साल महू में दिया था बयान

11 मई को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री विजय शाह संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा था- उन्होंने (आतंकियों ने) कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा। शाह ने आगे कहा-अब मोदी जी कपड़े तो उतार नहीं सकते। इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया है तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। हमारी बहनों के सुहाग का बदला वही आकर ले सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट में एमपी सरकार को देना है जवाब

मंत्री विजय शाह के खिलाफ अभियोजन (प्रॉसिक्यूशन) की मंजूरी के मामले में मध्यप्रदेश सरकार को 9 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल करना है। इससे पहले कोर्ट ने राज्य सरकार को 15 दिन के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए थे। सरकारी और राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से और समय मांग सकती है। तर्क यह दिया जाएगा कि मामले की जांच अभी पूरी नहीं हुई है और विस्तृत परीक्षण जरूरी है। यही रुख शुरुआत से मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम का भी रहा है।

## कांग्रेस से भाजपा में आई, अब बनेंगी बीएमसी की बॉस

### ● मुंबई की नई मेयर होंगी रितु तावड़े, शिंदे की पार्टी को डिप्टी मेयर का पद

**मुंबई (एजेंसी)।** देश की सबसे धनी नगर निकाय बृहन्मुंबई नगर निगम में सत्ता का समीकरण अब पूरी तरह बदल गया है। शनिवार को महायुति गठबंधन ने भाजपा की वरिष्ठ पार्षद रितु तावड़े को महापौर (मेयर) और शिव सेना (शिंदे गुट) के नेता संजय शंकर घाडी को उप-महापौर पद का उम्मीदवार घोषित किया। बीएमसी के 227 सदस्यीय सदन में महायुति के पास स्पष्ट बहुमत होने के कारण रितु



तावड़े का मुंबई की अगली मेयर बनना तय माना जा रहा है। महापौर और उप-महापौर पद के लिए चुनाव 11 फरवरी को बीएमसी मुख्यालय में संपन्न होगा। रितु तावड़े मुंबई भाजपा का एक अनुभवी चेहरा हैं। वे तीसरी बार पार्षद चुनी गई हैं। उन्होंने 2012 (वार्ड 127) और 2017 (वार्ड 121) में जीत दर्ज की थी। हाल ही में 15 जनवरी 2026 को हुए चुनावों में वे घाटकोपर के वार्ड संख्या 132 से विजयी हुई हैं। वे पहले बीएमसी की महत्वपूर्ण शिक्षा समिति की अध्यक्ष रह चुकी हैं, जिससे उन्हें नागरिक प्रशासन का गहरा अनुभव है।

## पप्पू यादव के समर्थन में उतरे राहुल और प्रियंका

### ● गिरफ्तारी को बताया नीट छात्रा मामले का बदला

**पटना (एजेंसी)।** पप्पू यादव के समर्थन में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भीउतर पड़े हैं। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी केवल राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से की गई है। उन्होंने कहा कि नीट छात्रा की संदिग्ध मौत को लेकर ही उन्हें गिरफ्तार किया गया है और अब डराया धमकाया जा रहा है। शुक्रवार को देर रात पटना पुलिस ने 31 साल पुराने एक मामले में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार किया है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, पटना में नीट की आकांक्षी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर व्यवस्था की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि पीड़ित परिवार ने जब निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की, तो वही पुराना भाजपा-राजग मॉडल सामने आ गया कि मामले को भटकाओ, परिजनों को प्रताड़ित करो और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण दो। राहुल ने कहा, इस बेटी के लिए न्याय की आवाज बनकर साथी सांसद पप्पू यादव जी मजबूती से खड़े हुए। उनकी गिरफ्तारी साथ तौर पर राजनीतिक प्रतिशोध है ताकि जवाबदेही को दबाया जा सके।

● **प्रियंका गांधी बोलीं-अत्याचार के साथ खड़ी बीजेपी-** पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी पप्पू यादव के प्रति एकजुटता प्रकट की और आरोप लगाया कि भाजपा एवं उसके सहयोगी दल अत्याचार के साथ खड़े हुए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया,पटना के हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ बलात्कार और हत्या का मामला झकझोर देने वाला है। यह मामला सामने आने के बाद सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। प्रियंका ने कहा, प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर जांच और कार्रवाई तक सब कुछ संदिग्ध बना दिया गया है। यह सब किसे बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं। प्रियंका ने आरोप लगाया कि इस मामले में आवाज उठा रहे सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी इसी असंवेदनशील रवैये की एक और कड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगियों का एजेंडा स्पष्ट है कि वे अन्याय और अत्याचार के साथ खड़े हैं।

## पूरा जम्मू-कश्मीर और अक्साई चिन भारत का है

### ● ट्रेड डील के साथ यूएस ने जारी किया अखंड भारत का नक्शा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच शनिवार को हुए अंतरिम व्यापार समझौते की चर्चा जितनी इसके आर्थिक पहलुओं को लेकर है, उससे कहीं अधिक चर्चा अमेरिकी प्रशासन द्वारा जारी किए गए भारत के एक नक्शे को लेकर हो रही है। ट्रंप प्रशासन के इस कदम ने न केवल सोशल मीडिया पर हलचल मचा



दी है, बल्कि कूटनीतिक गलियारों में भी बड़े संकेत दे दिए हैं। अमूमन अंतरराष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में जम्मू-कश्मीर के विवादित हिस्सों को अलग रंग या डॉटेड लाइन्स से दिखाया जाता है। लेकिन इस बार यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूटीआर) के कार्यालय द्वारा जारी नक्शे ने सबको चौंका दिया। संपूर्ण जम्मू-कश्मीर नक्शे में पूरे जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया गया है। इसमें पीओके को भी भारतीय सीमा के भीतर दर्शाया गया है।

# भारत पर अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ खत्म, बड़ी उपलब्धि

● गोयल बोले-अमेरिका में भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो ड्यूटी ● किसानों-मछुआरों को बड़ा फायदा होगा, आखिर बन गई बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा- यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के बाजार को खोलेगा। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर



(45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50 फीसदी घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है।

**भारत-अमेरिका बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करेंगे-** समझौते में साफ किया गया है कि भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं दी जाएगी। मसाले, चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम जैसे कई फल-सब्जियां और कुछ बेकरी उत्पाद भी अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात हो सकेंगे। यह द्विपक्षीय व्यापार समझौता 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को 50 हजार करोड़ डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखता है। दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने प्रावधान शामिल होंगे।

● **नॉन-टैरिफ बाधाओं को दूर करेंगे दोनों देश-** पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने फैसला किया है कि वे इसके कुछ नियम तय करेंगे, ताकि इस समझौते का लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले, न कि किसी तीसरे देश को। भारत और अमेरिका का इस व्यापार समझौते में नॉन-टैरिफ बैरियर्स को दूर करने पर खास फोकस है। ये बाधाएं टैरिफ नहीं होतीं, लेकिन व्यापार को मुश्किल बनाती हैं। अमेरिकी मेडिकल डिवाइसेस कंपनियों को भारत में कीमत तय करने के नियम, रजिस्ट्रेशन में देरी जैसी रुकावटों का सामना करना पड़ा रहा था। भारत ने वादा किया है कि इन लंबे समय से चली आ रही बाधाओं को दूर करेगा, ताकि अमेरिकी मेडिकल डिवाइस आसानी से भारत में बिक सकें। इससे भारतीय अस्पतालों और मरीजों को बेहतर और सस्ती अमेरिकी तकनीक मिल सकती है। अमेरिकी उत्पाद के आयात के लिए भारत में लाइसेंस की प्रक्रिया बहुत जटिल और समय लेने वाली थी। भारत ने सहमति जताई है कि इन लाइसेंस प्रक्रियाओं को आसान और तेज करेगा। इससे अमेरिकी आईटी और टेक कंपनियों के लिए भारत में बाजार पहुंच आसान हो जाएगी और भारत में भी सस्ते और अच्छे उपकरण उपलब्ध होंगे। टेस्टिंग आवश्यकताओं को स्वीकार किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बारात में फरमाइशी गीत को लेकर विवाद, चाकूबाजी में युवक घायल

**बेतिया/मझौलिया।** थाना क्षेत्र के माधोपुर पंचायत चौक पर एक बारात के दौरान आर्केस्ट्रा में फरमाइशी गीत को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। युवकों के बीच हुई मारपीट के दौरान चाकूबाजी की घटना में एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान ब्रजेश कुमार दास (21 वर्ष), निवासी श्रीपुर, के रूप में हुई है। वह राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय धर्मपुर (पूर्वी चंपारण) के शिक्षक दिवाकर राय के पुत्र बताए जाते हैं। घटना की सूचना मिलते ही मझौलिया पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए मझौलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस के अनुसार बारात में आर्केस्ट्रा के दौरान गीत बजाने को लेकर युवकों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई और चाकूबाजी की घटना हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने पर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस-एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई, 39 किलोग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**बेतिया।** कांगली थाना क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया है। गोपनीय सूचना के आधार पर सिंधवलिया छठिया घाट के पास छापेमारी कर मोटरसाइकिल से गांजा ले जा रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग 39 किलोग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। इस मामले में कांगली थाना कांड संख्या-14/26, दिनांक 07/02/2026 दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रंभू कुमार यादव (पिता-लक्षणदेव यादव) और नागेंद्र सहनी (पिता-विश्वनाथ सहनी) के रूप में हुई है। दोनों ग्राम सोनबरसा बैरिया, थाना पथरैया, जिला परसा (नेपाल) के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने कहा है कि अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### 10 फरवरी से शुरू होगा फाइलेरिया उन्मूलन दवा सेवन महाभियान



**वैशाली।** जिले को फाइलेरिया (हाथीपांव) जैसी गंभीर बीमारी से मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग 10 फरवरी से महुआ और चेहराकलां प्रखंडों में सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) महाभियान शुरू करेगा। 11 फरवरी को आयोजित मेगा एमडीए कैंप का राज्य स्तरीय उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ. श्याम नंदन प्रसाद ने सीफार और जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से आयोजित मीडिया कार्यशाला में दी। अभियान के तहत लगभग 50 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे और इसके बाद 14 दिनों तक स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगे। जिला वीबीडीसी पदाधिकारी डॉ. गुड़िया कुमारी ने बताया कि महुआ ब्लॉक में 3,03,126 और चेहराकलां में 1,39,568 लोगों को लक्षित किया गया है। इसके लिए 418 आशा कार्यकर्ताओं और 209 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर टीमों को तैनात किया गया है तथा डीईसी और इवरमेक्टिन की 13 लाख से अधिक गोलियां उपलब्ध कराई गई हैं। दवा सेवन के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए दोनों प्रखंडों में रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि ये दवाएं सुरक्षित हैं और रक्तचाप तथा मधुमेह के मरीज भी इन्हें ले सकते हैं। हालांकि 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अभियान में भाग लेकर फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग करने की अपील की है। कार्यशाला में सी.एस डॉ श्याम नंदन प्रसाद, डीवीबीडीसीओ डॉ गुड़िया कुमारी, फाइलेरिया प्रभारी पशु चिकित्सक अमित कुमार, जिला लिड पिरामल पीयूष कुमार, वीडीसीओ अनिकेत, वीसीडीसी कुमार धीरेन्द्र सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वर्ल्ड कप जीतकर वैभव बोले- पंजाबी नहीं, भोजपुरी गाना बजेगा, पवन सिंह के सॉरी-सॉरी...गाने पर झूमी टीम इंडिया

**पटना।** भारत ने छठी बार अंडर-19 वनडे वर्ल्ड कप जीत लिया है। फाइनल मैच में इंग्लैंड को 100 रनों से मात देने के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ी जश्न मनाते हुए दिखे। इस दौरान बिहार के वैभव सूर्यवंशी भोजपुरी गानों पर डांस करते नजर आए। टीम इंडिया के खिलाड़ियों का जश्न मनाते और डांस करते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में पंजाबी गाने बज रहे हैं। इस बीच वैभव कहते हैं- पंजाबी गाना नहीं समझ में आ रहा है गाइज, अब भोजपुरी लगेगा।' इसके बाद पवन सिंह का गाना 'सॉरी सॉरी' बजाया जाता है। जैसे ही गाना शुरू हुआ- 'नैन तोहर कजरारी दिलवा पे करे बमबारी'.. वैभव कमर मटकाते हुए डांस करने लगते हैं। इस दौरान उन्होंने अपने जबरदस्त डांस मूव्स भी दिखाए। खास बात ये रही कि भोजपुरी गाने पर सिर्फ वैभव नहीं डांस कर रहे थे बल्कि उनकी पूरी टीम इस गाने पर झूमते लगती है। वीडियो में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी डांस कर रहे हैं। इस बीच वैभव की नजर वर्ल्ड कप के ट्रॉफी पर पड़ती है। इसके बाद वे ट्राफी पर रखे कपड़े को हटाते हुए कहते है- घूंघट हटा दो दुल्हन का। काफी मेहनत के बाद ये हमें मिली है।' आखिरी में वैभव कहते हैं कि अब मेरी तरफ से आज के लिए इतना ही काफी है। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी का ये वीडियो उनकी IPL फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने X पर शेयर किया है। टीम ने लिखा, 'एक बिहारी सब पर भारी'।

### हाजीपुर में पिछड़ा वर्ग संघ का मार्च

**हाजीपुर।** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ ने शनिवार को हाजीपुर में पैदल मार्च निकाला। यह मार्च संस्कृत महाविद्यालय कैंपस से दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ और अक्षय वट राय स्टेडियम में समाप्त हुआ। मार्च राजेंद्र चौक, सिनेमा रोड, अनवरपुर चौक, डाक बंगला रोड और समाहरणालय परिसर से होकर गुजरा। इस दौरान संघ के कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में 'यूजीसी बिल अभिलंब लागू करो' लिखे पोस्टर ले रखे थे। इस कार्यक्रम में पटेल सेना के प्रदेश अध्यक्ष रंजन पटेल अपने सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ उपस्थित थे। पटेल सेवा संघ के अध्यक्ष घूरन राय ने बताया कि यह मार्च यूजीसी बिल को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व में यूनिवर्सिटी कैंपस में दलित विद्यार्थियों पर अत्याचार हुआ था, जिसके संबंध में कई मामले सुप्रीम कोर्ट में लंबित थे। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को बढ़ती भेदभाव को रोकने के लिए एक बिल लाने का निर्देश दिया था। इसके बाद सभी दलों की बैठक हुई और बिल लाने का निर्णय लिया गया, जिसे सरकार ने प्रस्तुत किया।

### लालगंज में घर में सेंध लगाकर 7 लाख की चोरी, सोने-चांदी के जेवर और नकदी ले उड़े चोर

**हाजीपुर।** वैशाली के लालगंज थाना क्षेत्र के रौदी पोखर गांव में बीती रात चोरों ने एक घर में सेंध लगाकर बड़ी चोरी की है। चोर घर से सोने-चांदी का जेवर, नकदी और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के अनुसार इस चोरी में कुल मिलाकर लगभग 3 लाख रुपये के नकद और जेवरात का नुकसान हुआ है। चोरी की गई वस्तुओं में महिला के कान के झुमके, पायल, टॉप और गले का चैन भी शामिल हैं। पीड़िता संगीता देवी ने बताया कि घटना रात में उस समय हुई, जब वह और उनका बेटा घर पर सो रहे थे। चोरों ने घर के पिछले दरवाजे से सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया। संगीता ने बताया, "मैं अपने बगल में गोदरेज (अलमारी) रखने के बावजूद चोरी का आभास नहीं कर पाई। हम रात करीब 12 बजे सोए थे, यह घटना कब हुई, पता नहीं चला।"

# केंद्रीय मंत्री बोले- बिहार का भविष्य नॉर्थ ईस्ट से जुड़ा

**एजेंसी, पटना**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आज बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी और विधान परिषद सदस्य (MLC) संजय मयुख भी मौजूद रहे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा, बिहार का भविष्य देश के पूर्वोत्तर के विकास से गहराई से जुड़ा हुआ है और केंद्र सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

**पूर्वोदय के तहत बिहार और नॉर्थ ईस्ट को मिलेगा लाभः** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने 'पूर्वोदय' के नाम से कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका सीधा लाभ बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र देश के विकास का नया इंजन बनने जा रहा है और केंद्र सरकार इस पर विशेष ध्यान दे रही है।

**युवाओं की नौकरी और ग्रामीण रोजगार पर विशेष जोरः** केंद्रीय बजट की प्रमुख विशेषताओं को गिनाते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि इस बार के बजट में युवाओं के



लिए रोजगार और नौकरियों पर अलग से बल दिया गया है। ग्रामीण इलाकों में रोजगार सृजन के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे पलायन पर रोक लगेगी और स्थानीय स्तर पर अवसर बढ़ेंगे। सरकार का उद्देश्य है कि विकास का लाभ शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव-गांव तक पहुंचे।

**देशभर में जिला स्तर पर गर्ल्स हॉस्टल का फैसलाः** केंद्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने देश के सभी जिलों में गर्ल्स हॉस्टल स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इससे बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा

**बजट में मिडिल क्लास को बड़ी राहत, दवाइयों पर घटेगा टैक्स**

सकेगा। 'रिफॉर्म एक्सप्रेस चल चुकी है, अब यह रुकने वाली नहीं है, बल्कि और तेज गति से आगे बढ़ेगी।" उन्होंने बताया कि सरकार ने हाई लेवल रेगुलेटरी रिफॉर्म कमेटी का गठन किया है, जो आम लोगों और उद्योगों से जुड़ी छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान करेगी और सिस्टम को सरल बनाएगी।

**मिडिल क्लास को बड़ी राहत, दवाइयों पर इंपोर्ट ड्यूटी में कटौतीः** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बजट में मिडिल क्लास को बड़ी सहूलियत दी गई है। गंभीर बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों पर इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती की गई है, जिससे इलाज सस्ता होगा। इससे आम आदमी और मध्यम वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। किरेन रिजिजू ने कहा कि यह बजट सुधार, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है और आने वाले समय में इसका असर जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देगा।

## गोपालगंज, मधेपुरा में घना कोहरा, विजिबिलिटी जीरो

**एजेंसी, पटना**

गोपालगंज में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया है। विजिबिलिटी जीरो है। मधुबनी में भी घना कोहरा छाया रहा। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार में अगले कुछ दिनों तक सुबह-शाम हल्का कुहासा छाया रहेगा और ठंड भी महसूस होगी।दिन में धूप निकलगी, जिससे लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आज यानी शनिवार को प्रदेश के किसी जिले में घने कोहरे का अलर्ट नहीं है। 12 फरवरी से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

इस महीने में बारिश होने की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, राज्य में कोहरे और हल्की ठंड का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर पड़ना, हवा की कम गति और वातावरण में नमी का बने रहना है। वहीं, फरवरी माह में सूर्य की किरणें ज्यादा समय तक जमीन पर रहती



**बिहार में अभी सुबह-शाम महसूस होगी ठंड, 12 फरवरी से अधिकतम-न्यूनतम तापमान में होगी बढ़ोतरी**

है, जिससे अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होती है। इससे लोग दिन में हल्की गर्माहट महसूस हो कर रहे हैं। उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ रहा है, जिससे प्रदेश में मौसम सामान्य स्थिति में आ रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फरवरी में बिहार में मौसम धीरे-धीरे सामान्य से गर्म होता जाएगा। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी संभव है। ठंड का असर कम होगा। राजधानी में सुबह हल्का कोहरा या धुंध छाए रहने की संभावना है, लेकिन दिन में धूप निकलने से राहत मिलेगी।

पवन सिंह पर खेसारी लाल का तंज

## सासाराम में बोले-मेरा गाना एक ही आदमी सुनता है, जो पेट्रोल डालते ही सीधा अंतरिक्ष में मिलता है

**एजेंसी, पटना**

भोजपुरी सिंगर अंकुश राजा ने अपने पैतृक गांव सासाराम में 11 जोड़ों की शादी करवाई। इस मौके पर खेसारी लाल यादव भी शामिल हुए। इस दौरान खेसारी ने 11 जोड़ों को 11 बाइक गिफ्ट की। इसके बाद खेसारी एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में खेसारी लाल ने कहा कि, 'हमने वहां 11 बाइक दी, क्योंकि वह मेरी खुशी है। वह ना मेरा विधानसभा और ना मेरा लोकसभा है। वो तो मेरे बड़े भैया पवन सिंह का लोकसभा है। मगर मेरे मन में श्रद्धा थी तो मैंने वहां किया, क्योंकि श्रद्धा के लिए कोई जात नहीं होती है।' अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**खेसारी ने बिना नाम लिए पवन सिंह पर कसा तंजः** इस बीच खेसारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह पवन सिंह का बिना नाम लिए तंज कसा है। खेसारी ने कहा कि, 'मेरा गाना तो अंतरिक्ष में भी बजता है। उसे



सिर्फ एक ही आदमी ने सुना है जो पेट्रोल (दारू) डालने के बाद सीधा अंतरिक्ष में ही मिलता है।' इस वीडियो में खेसारी लाल कहते हुए दिख रहे हैं कि, 'अंकुश राजा ने 11 गरीब बच्चियों की शादी करवाई, जिसमें हर जाति से बच्चे थे। जब मैंने अपनी 15 साल की बेटी कृति को कहा कि मैं कुछ गरीब बच्चों को बाइक देने जा रहा हूं तो मेरे बेटी ने मुझे गले लगा लिया और 10 मिनट तक मुझे 'थैंक यू' पापा कहती रही। ये कमाई आखिर कहां मिलेगी?' खेसारी लाल ने आगे कहा, 'मैं भगवान से कहता हूं कि मुझे दो, चार, पांच हजार करोड़ का आदमी बना दें। ताकि बिहार के सारा बेटी को बहन बनाकर खेसारी कन्यादान करे।

## 31 साल पुराना केस, बेऊर जेल भेजे गए पप्पू यादव, पुलिस कस्टडी में पीएमसीएच में इलाज होगा

**एजेंसी, पटना**

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को कोर्ट ने ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। इसके बाद पप्पू यादव को पटना के बेऊर जेल में लाया गया। वहां एंट्री होने के बाद इलाज के लिए उन्हें PMCH लाया जाएगा। अस्पताल में पुलिस कस्टडी में उनका इलाज होगा। सोमवार को इस मामले की अगली सुनवाई होगी। सांसद को शनिवार सुबह एंबुलेंस से पटना सिविल कोर्ट लाया गया था। 31 साल पुराने धोखे से कमरा किराए पर लेने के केस में पुलिस ने शुक्रवार देर रात 12 बजे पप्पू यादव को गिरफ्तार किया था। पटना की विशेष अदालत ने पप्पू यादव समेत 3 आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। शुक्रवार रात पप्पू यादव गिरफ्तारी के दौरान बेहोश हो गए। कुछ देर बाद पुलिस पप्पू यादव को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

इस दौरान पप्पू यादव ने कहा,



'मुझे नहीं पता मेरा क्या होगा।' सांसद समर्थक सड़क पर उनकी गिरफ्तारी का विरोध किया। आरा में उनके समर्थकों ने CM नीतीश का पुतला फूंका। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। उन्हें X पर लिखा- ये आवाज दबाने की कोशिश है। प्रियंका गांधी ने भी गिरफ्तारी के विरोध में पोस्ट की है। सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के बाद NEET छात्रा के परिवार ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जहानाबाद में छात्रा के पिता ने कहा कि जो लोग घटना को उजागर कर रहे हैं, उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। पप्पू यादव को साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है।

**बेहोश होने पर भड़के**

**राहुल बोले- गिरफ्तारी आवाज दबाने की कोशिश**

**समर्थकः** गिरफ्तार करने आई पुलिस ने पप्पू यादव से कहा, 'चलिए सर, आपको चलना होगा। कोर्ट का ऑर्डर है।' इस पर पप्पू यादव ने कहा, 'मैं रात में कहीं नहीं जाऊंगा। आप सुबह आइएगा फिर चलूंगा। मुझे पहले से ही पता था मैं ऐसे मामले को उठा रहा हूं तो यह सब होना ही था। आप जिसके कहने पर यहां आए हैं, उसे बोल दीजिए मैं रात में नहीं जाने वाला।' 3 घंटे तक वहां चले हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद जब उन्हें गिरफ्तार कर ले जाया जा रहा था तो वे बहोश हो गए। समर्थकों की पुलिस के साथ हाथापाई हो गई। गिरफ्तारी के दौरान पप्पू यादव के समर्थक पुलिस की गाड़ी पर सवार हो गए।

## तेजस्वी ने कहा- कार्यकर्ताओं को अपमानित किया तो चुप नहीं बैठेंगे, साजिश नहीं चलेगी

**एजेंसी, पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद तेजस्वी यादव आज पहली बार पार्टी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान तेजस्वी का भव्य स्वागत किया गया। आरजेडी कार्यालय में खासा उत्साह देखने को मिला। पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत समारोह की बड़े स्तर पर तैयारियां की गई। समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधायक, सांसद, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी यादव का औपचारिक रूप से अभिनंदन किया गया। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, चुनाव में जनता ने जिस भरोसे के साथ आरजेडी का साथ दिया, उसके लिए वे सभी लोगों का धन्यवाद करते हैं। जिस तरह पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव कभी डर के आगे नहीं झुके, उसी तरह तेजस्वी यादव भी कभी डरने वाला नहीं है।

तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि विरोधियों ने लोकतंत्र को मशीन तंत्र में बदल दिया है और चुनाव के दौरान आरजेडी कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कार्यकर्ताओं का अपमान किया गया तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी और मजबूती से जवाब देगी। लालू यादव को साजिश के तहत जेल भेजे जाने के बाद




भी उन्होंने लगातार संगठन और जनता के बीच काम किया और हर जिले में पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया। तेजस्वी यादव ने कहा, साल 2015 में पहली बार जनता के प्यार और समर्थन से आरजेडी ने चुनाव जीता और उसी समय वे देश के सबसे कम उम्र के उपमुख्यमंत्री बने। उन्होंने आरोप लगाया कि जब नीतीश कुमार भाजपा के साथ गए, तब उन पर झूठे आरोप लगाए गए। राजनीतिक रूप से उन्हें खत्म करने की कोशिश की गई। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में आरजेडी लगभग जीत चुकी थी, लेकिन गड़बड़ियों के जरिए पार्टी को हराया गया।

**कहा- चुनाव में कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे चलेः** उन्होंने कहा कि अबतक उन्हें पार्टी में कोई बड़ी संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं मिली थी, लेकिन अब राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। आने वाले दिनों में संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम किया जाएगा। तेजस्वी यादव ने शेखपुरा के एक आरजेडी नेता को वसूली की धमकी मिलने का जिक्र करते हुए कहा कि नई सरकार डर का माहौल बनाकर शासन कर रही है, लेकिन आरजेडी डरने वाली पार्टी नहीं है। उन्होंने कहा, अब लक्ष्य है पार्टी को राज्य की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत बनाना और अगर तय लक्ष्य का आधा भी ईमानदारी से काम हुआ तो आरजेडी राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बन सकती है। सभी वर्गों, जातियों, शोषितों और अल्पसंख्यकों को साथ जोड़कर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया है।


**केंद्र पर बोला हमलाः** केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि आज देश में डर का माहौल बनाया जा रहा है। किसान कमजोर स्थिति में है और प्रधानमंत्री उन्हें रील बनाने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाएं विपक्ष को डराने के लिए इस्तेमाल की जा रही हैं और इसमें कुछ अपने लोग भी शामिल हैं। षड्यंत्र के जरिए सरकार बनाई गई है और नीतीश कुमार कभी जनता के नेता नहीं बन सकते, वे केवल अधिकारियों के नेता हैं, जबकि असली जननेता लालू प्रसाद यादव हैं। तेजस्वी यादव ने घोषणा की कि पार्टी का स्थापना दिवस 17 फरवरी को पटना के बापू सभागार में मनाया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

## मरीज को बरगलाते देखा, पकड़ने बोला तो भागे दलाल

**एजेंसी, पटना**

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (PMCH) में सक्रिय दलालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की गई है। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों और उनके परिजनों को निजी अस्पतालों में भेजने वाले दलालों पर नकेल कसने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने सुरक्षाकर्मियों को दलालों को तुरंत पकड़कर पुलिस के हवाले करने का निर्देश दिया है।

**वेश बदलकर अस्पताल का किया औचक निरीक्षणः** शुक्रवार को अधीक्षक डॉ. सिंह ने सामान्य व्यक्ति के वेश में अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। राजेंद्र सर्जिकल वार्ड के सामने उन्होंने कुछ दलालों को मरीजों और उनके परिजनों को बरगलाकर निजी अस्पताल ले जाने का प्रयास करते देखा। अधीक्षक ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे मौके से फरार हो गए। इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मरीजों को डरा-धमकाकर या भ्रमित कर निजी अस्पतालों में



**पीएमसीएच अधीक्षक का औचक निरीक्षण, कहा-अनजान व्यक्ति के झांसे में न आएं, निजी एम्बुलेंस पर रोक**

भेजने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इस गतिविधि में निजी एम्बुलेंस संचालकों की भूमिका भी सामने आई है। इसे देखते हुए पीएमसीएच परिसर में निजी एम्बुलेंस के खड़े होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब निजी एम्बुलेंस मरीज को छोड़ने के तुरंत बाद परिसर से बाहर निकलेंगी। सुरक्षा एजेंसी के कर्मियों को मुख्य द्वार इमरजेंसी और ओपीडी के आसपास विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अस्पताल प्रशासन और पुलिस को देने के लिए कहा गया है।

## पटना नगर निगम की 10वीं बोर्ड बैठक, 7 महीने बाद होगी बैठक

**एजेंसी, पटना**

पटना नगर निगम की 10वीं साधारण बोर्ड बैठक आज आयोजित की जाएगी। यह बैठक सात महीने बाद आयोजित हो रही है। इससे पहले जुलाई 2025 में पटना नगर निगम की 9वीं बोर्ड बैठक में काफी हंगामा हुआ था। आज की बैठक में भी हंगामें के आसार हैं। सशक्त स्थायी समिति की बैठक में पारित प्रस्ताव को बोर्ड द्वारा पास किया जाएगा। बैठक के एजेंडे में सबसे मुख्य विषय पटना नगर निगम क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने से जुड़े प्रस्ताव हैं।

**पहले के बैठकों की कार्यवाही की भी होगी संपुष्टिः** इस बैठक में प्रमुख तौर पर नगर निगम की पूर्व बैठकों की कार्यवाही की भी संपुष्टि की जाएगी। इसके साथ ही डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए नए वाहन और उपकरणों की खरीद, नगर निगम विज्ञापन नियमावली में संशोधन, वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में एक-एक करोड़ रुपये की विकास योजनाओं और म्यूनिसिपल बॉन्ड जारी करने जैसे प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल हैं। वहीं, निगम 150 ई-रिक्शा वाहन, 150 क्लोज टिपर और 75 ओपन टिपर खरदने की तैयारी में है। करीब 20 हाई यील्ड बोरिंग करने पर मुहर लगेगी।

**कई अहम प्रस्ताव एजेंडे में, हंगामे के आसार**

**गैर आवासीय संपत्तियों पर बढ़े टैक्स पर भी होगी चर्चाः** सितंबर 2025 में विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, गैर आवासीय संपत्तियों के टैक्स को बढ़ा दिया गया है। इससे होटल, जिम, विवाह भवन, निजी अस्पताल सहित अन्य का कर दोगुना कर दिया गया है। इसके अलावा नर्सिंग होम,



क्लिनिक, कोचिंग संस्थान आदि में टैक्स डेढ़ गुणा किया गया है। इस मुद्दे पर बैठक में चर्चा होगी। इसके साथ ही शहर के मुख्य सड़कों को भी प्रधान मुख्य सड़क में शामिल किया जाना है, जिसके प्रस्ताव को भी बोर्ड में पास किया जाएगा।

**मेयर और नगर आयुक्त में हो गया था विवादः** 9वीं बोर्ड बैठक में मेयर सीता साहू और नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर के बीच विवादित एजेंडों को लेकर तीखी नोकझोंक हुई थी। पार्षदों के दो गुटों में मारपीट, हाथापाई और कुर्ता फाड़ने तक की नौबत आ गई थी, जिससे बैठक में भारी हंगामा हुआ था। आयुक्त द्वारा बैठक के बहिष्कार के बावजूद 12 एजेंडे पास किए गए थे। मेयर के बेटे शिशिर कुमार की बैठक में मौजूदगी और पार्षदों से दुर्व्यवहार की खबर के बाद पुलिस रात में उनके घर पहुंची थी। नगर आयुक्त ने आरोप लगाया कि बैठक में शिशिर ने हथियारबंद बाउंसर बुलाए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आदापुर में पदाधिकारी व शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित



**बीएनएम @ मोतिहारी।** आदापुर प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को यूएमएस जामुन बहार विद्यालय में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवा निवृत्त बीईओ हरे राम सिंह तथा नवपदस्थापित बीईओ विनय कुमार को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक प्रेम कुमार प्रसाद ने की। कार्यक्रम में बीडीओ रणधीर कुमार सहित कई सेवा निवृत्त शिक्षकों और पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें नगीना राय, हृदयनारायण प्रसाद, सत्यदेव प्रसाद, संजीव चौबे, बिजली प्रसाद, मो. अलाउद्दीन, शशिभूषण तिवारी, रणजीत यादव, इंद्रभूषण प्रसाद और दीपक कुमार सहित अन्य अतिथि शामिल थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकिशोर प्रसाद ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर की गई, जिससे कार्यक्रम का माहौल भावनात्मक और उत्साहपूर्ण बन गया। इस अवसर पर बिरेंद्र प्रसाद, जफर हसन, मो. समीउल्लाह, राहुल कुमार मिश्रा, हिमांशु गौरव, अंकित गुप्ता, अभिषेक सिंह, तरुण श्याम, सुधा कुमारी, सृष्टि यादव, मिंटू कुमारी, अंजुम आरा, साइबा प्रवीण, इम्तेयाजुल हक सहित कई शिक्षक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### केवीके पिपराकोठी में लघु एवं सीमांत कृषक कार्यशाला सह बागवानी-पशु मेला की तैयारी बैठक आयोजित

**बीएनएम @ मोतिहारी।** कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) पिपराकोठी में 14, 15 एवं 16 फरवरी को आयोजित होने वाले लघु एवं सीमांत कृषक कार्यशाला सह बागवानी एवं पशु मेला की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री सह मोतिहारी के सांसद राधा मोहन सिंह ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा और किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय आयोजन का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन से जुड़ी नई जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के पहले दिन 14 फरवरी को बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी और कृषि मंत्री रामकृपाल यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं 15 फरवरी को केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर तथा मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री सुरेंद्र मेहता कार्यक्रम में शामिल होंगे। तीन दिवसीय इस किसान उन्मुख आयोजन का समापन 16 फरवरी को दोपहर 1 बजे किया जाएगा। आयोजन को लेकर कृषि विज्ञान केंद्र प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

### आदापुर में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक

**बीएनएम @ आदापुर/मोतिहारी।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को आदापुर प्रखंड मुख्यालय सभागार में बीडीओ रणधीर कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, पंचायत प्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में 10 फरवरी से शुरू होकर 14 दिनों तक चलने वाले सामूहिक दवा सेवन अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने की रणनीति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को फाइलेरिया की दवा की खुराक दी जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों तथा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दवा नहीं दी जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड में 106 टीमें गठित की गई हैं, जिनमें प्रत्येक टीम में दो स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहेंगे। इसके अलावा सीएचओ और चिकित्सकों को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में बीएओ सह बीईओ विनय कुमार, बीएचएम संजय शर्मा, बीपीआरओ दानिश इकबाल, जीविका बीपीएम अभिषेक कुमार, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष राम एकबाल राय सहित कई

### नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का डीपीआरओ ने किया निरीक्षण

**बीएनएम @ मोतिहारी।** महेसी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज राजेपुर में भवन निर्माण विभाग, मोतिहारी द्वारा निर्मित पंचायत सरकार भवन का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण जिला पंचायत राज पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण तथा सहायक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मोतिहारी ने किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण कार्य को संतोषजनक पाया गया। अधिकारियों ने भवन की संरचना और निर्माण गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन में जल्द से जल्द कार्यालय संचालन शुरू करने और इसे व्यवस्थित ढंग से चालू करने का निर्देश दिया, ताकि पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों का संचालन सुचारु रूप से हो सके।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर भारी प्रशासनिक आदेश?

# पूर्वी चम्पारण में शिक्षा के अधिकार की उड़ती धज्जियाँ



सागर सूरज

> "जिलाधिकारी ने स्पष्ट आदेश जारी कर निजी स्कूलों को बार-बार ड्रेस बदलने, किसी खास दुकान से पोशाक या किताब खरीदने का दबाव बनाने, केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य किताबें चलाने और हर साल किताबें बदलने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाई थी"




**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा निजी स्कूलों में कथित शोषण के विरुद्ध चलाए गए अभियान का ज़मीनी असर फिलहाल नज़र नहीं आ रहा है। आदेशों और चेतावनियों के बावजूद जिले के कई निजी विद्यालयों में छात्रों और अभिभावकों का शोषण बदस्तूर जारी है, जिससे प्रशासनिक सख्ती पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट आदेश जारी कर निजी स्कूलों को बार-बार ड्रेस बदलने, किसी खास दुकान से पोशाक या किताब खरीदने का दबाव बनाने, केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य किताबें चलाने और हर साल किताबें बदलने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाई थी। इसके बावजूद कई स्कूल न केवल इन आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं, बल्कि खुलेआम अपने स्कूल परिसर में ही किताब, ड्रेस, बेल्ट और जूते की दुकानें संचालित कर रहे हैं। इससे अभिभावकों को महंगे दामों पर सामान खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।

डीएम के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारियों ने जिले के कई स्कूलों का निरीक्षण कर संचालकों को सख्त शब्दों में चेतावनी भी दी थी। बावजूद इसके, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत गरीब और वंचित बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का प्रावधान भी कागज़ों तक ही सीमित दिख रहा है। आरोप है कि कई स्कूलों ने फ्री शिक्षा के नाम पर फर्जी सूचियाँ तैयार कर रखी हैं, जबकि धरातल पर ऐसे बच्चों को न तो दाखिला दिया गया है और न ही वास्तविक लाभ मिल रहा है।

स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब यह सामने आता है कि निजी विद्यालयों का यह क्षेत्र अब एक व्यवसाय बन चुका है, जिसमें शहर के कुछ नामी भू-माफिया और सोना-चांदी के व्यापारी भी कूद पड़े हैं। देश के बड़े निजी स्कूल ब्रांड की फ्रेंचाइज़ी लेकर आलीशान इमारतें खड़ी की जा रही हैं और बेहतर शिक्षा के नाम पर अभिभावकों से भारी वसूली की जा रही है। री-एडमिशन फीस, डेवलपमेंट चार्ज जैसे अवैध शुल्क लगातार वसूले जा रहे हैं, और कहीं नाम बदलकर वही वसूली जारी है।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेशों के बावजूद निजी स्कूल संचालकों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? क्या निगरानी तंत्र कमजोर है, या प्रभावशाली संचालकों के आगे प्रशासन भी असहज है? शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में केवल मुनाफे के लिए उतरे ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई और निरंतर निगरानी अब समय की ज़रूरत बन चुकी है, ताकि शिक्षा का अधिकार वास्तव में बच्चों तक पहुँच सके, न कि सिर्फ फाइलों तक सीमित रह जाए।

**क्रमशः**

## अनुशासन की कसौटी पर वर्दी: पूर्वी चम्पारण में कार्यरत प्रशिक्षु डीएसपी के पुराने विवाद पर उठे सवाल

सागर सूरज



**मोतिहारी/पटना।** बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में प्रशिक्षण के दौरान कथित अनुशासनहीनता के आरोपों में घिरे प्रशिक्षु डीएसपी रिषभ कुमार को गृह विभाग द्वारा अंतिम चेतावनी देकर विभागीय कार्यवाही समाप्त कर दी गई है। वर्तमान में रिषभ कुमार पूर्वी चम्पारण जिले में प्रशिक्षु डीएसपी के रूप में कार्यरत हैं और हरसिद्धि थाना प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

ऐसे में यह मामला स्वाभाविक रूप से चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि पुलिस अधिकारियों का सीधा जुड़ाव आम जनता से होता है।

दरअसल 14 जनवरी 2025 को पुलिस अकादमी, राजगीर के परेड ग्राउंड में झंडा उठाने को लेकर प्रशिक्षु डीएसपी रिषभ कुमार और बाह्य अनुदेशक संजय कुमार पाण्डेय के बीच विवाद हुआ था।

आरोप था कि बहस के दौरान अभद्र भाषा और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। मामले को गंभीर मानते हुए विभागीय जांच शुरू की गई थी। हालांकि जांच के दौरान रिषभ कुमार ने आरोपों से इनकार करते हुए सीसीटीवी फुटेज का हवाला दिया और खुद को निर्दोष बताया। दोनों पक्षों के तर्कों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर गृह विभाग ने कार्रवाई समाप्त करते हुए इसे अंतिम चेतावनी माना।

## दिल्ली में बिहारी पहचान का सांस्कृतिक अनुष्ठान 'बिहार महोत्सव', तैयारी शुरू

बीएनएम @ मोतिहारी



राजधानी दिल्ली में बिहार की कला, संस्कृति और साहित्य को राष्ट्रीय मंच देने वाले बिहार महोत्सव 2026 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को राष्ट्रपति भवन परिसर में महोत्सव की कोर कमिटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा हुई। बैठक में मोतिहारी (बिहार) से पहुंचे बिहार महोत्सव के प्रणेता और वरिष्ठ रंगकर्मी प्रसाद रत्नेश्वर ने महोत्सव के उद्देश्य और अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 2003 से आयोजित हो रहा यह महोत्सव बिना सरकारी अनुदान के सैकड़ों बिहारी कलाकारों को दिल्ली में राष्ट्रीय मंच प्रदान कर चुका है। यह आयोजन बिहार की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने के साथ दिल्ली में रह रहे बिहारियों को जोड़ने का काम कर रहा है। संस्थाध्यक्ष मोहन कुमार गुप्ता ने कहा कि बिहार महोत्सव समिति दिल्ली में बिहार और बिहारियों के लिए कार्यरत विभिन्न संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि अगला आयोजन पिछले वर्षों से भी बड़ा होगा। जनसंपर्क अधिकारी एवं कोषाध्यक्ष राकेश वर्मा ने बताया कि इस बार बिहार के लगभग एक दर्जन लोकनृत्य और संगीत दलों को आमंत्रित किया जाएगा तथा बिहार में जन्मी राष्ट्रीय विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में इंजीनियर राकेश कुमार, अधिवक्ता मो. शहाबुद्दीन मुस्तफा, आर्यन कुमार और सुमित कुमार पांडेय, शिक्षासेवी अविनाश पासवान और वरिष्ठ सचिव दीपक मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे। अंत में संयोजक राकेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया और महोत्सव के प्रणेता प्रसाद रत्नेश्वर सहित पिछले आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों को सम्मानित किया।

## बाल श्रम उन्मूलन को लेकर मधुबन प्रखंड में विशेष धावा, 02 बाल श्रमिक विमुक्त

बीएनएम @ मोतिहारी



श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मधुबन के नेतृत्व में मधुबन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में मधुबन प्रखंड के कुल 02 प्रतिष्ठानों—शिव शक्ति स्वीट्स एवं जय माता दी स्वीट्स—से 01-01 बाल श्रमिक, अर्थात कुल 02 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम द्वारा विमुक्त कराया गया। श्रम अधीक्षक रमाकांत ने स्पष्ट किया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोजकों के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक रमाकांत ने बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठानों में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत गैरकानूनी है। उक्त अधिनियम के अंतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20,000 से 50,000 तक का जुर्माना एवं 02 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में सभी नियोजकों से प्रति बाल श्रमिक 20,000 (बीस हजार रुपये) की दर से राशि की वसूली की जाएगी।इस विशेष धावा दल टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मधुबन; श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सुगौली; श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बनकटवा; प्रयास संस्था एवं जी.एन.के प्रतिनिधि; मधुबन थाना के 04 पुलिस कर्मी तथा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल रही।

## मादक पदार्थ तस्करी मामले में 7 वर्ष का कठोर कारावास, 50 हजार जुर्माना

बीएनएम @ मोतिहारी



मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार, एनडीपीएस कोर्ट-1, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी की न्यायाधीश रेशमा वर्मा ने पिपरा थाना कांड संख्या-275/20 (एनडीपीएस केस संख्या-28/20) में सुनवाई करते हुए अभियुक्त सुमित कुमार उर्फ राजतिलक, पिता अशोक सिंह, निवासी ताजियापुर (थाना-पिपरा) को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20(बी)(ii)(सी) के तहत दोषी पाया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त को 7 वर्ष का कठोर कारावास तथा 50,000 का जुर्माना दिया जाता है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में अभियुक्त को 3 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सजा शनिवार को सुनाई गई। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक डॉ. शंभू शरण सिंह ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा, जबकि पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और चार्जशीट को न्यायालय ने महत्वपूर्ण माना।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार में समन्वय बैठक आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी



आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। उक्त बैठक की अध्यक्षता नितिन त्रिपाठी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा की गई। बैठक के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत एवं "राष्ट्र के नाम मध्यस्थता कार्यक्रम 0.2" को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर से सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सरपंच एवं ग्राम कचहरी सचिवों को निर्देश दें कि अधिक से अधिक वादों की पहचान कर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें। वहीं, सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी को निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत तथा राष्ट्र के नाम मध्यस्थता कार्यक्रम 0.2 की व्यापक सफलता हेतु प्रचार-प्रसार, बैनर एवं होर्डिंग के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाई जाए, ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन संभव हो सके। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी राम जनम पासवान, जिला जन संपर्क अधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, वन विभाग से मनीष कुमार तथा अग्रणी जिला प्रबंधक राजेंद्र कुमार पांडे उपस्थित रहे।

## अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, देसी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद

बीएनएम @ मोतिहारी





गुप्त सूचना के आधार पर पिपराकोठी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एनएच-28 स्थित चाँद सरैया फ्लाईओवर के नीचे की गई। वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामदगी के बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आशीष बाबु उर्फ गोलू कुमार, पिता-शिवजी प्रसाद, निवासी महुअवा, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके विरुद्ध कोटवा थाना कांड संख्या-200/23 (डकैती कांड) दर्ज है। पिपराकोठी थाना पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि बरामद हथियार की आपूर्ति कहां से हुई और इसके पीछे किन लोगों का नेटवर्क सक्रिय है। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर युवक को रोका गया था। तलाशी के दौरान अवैध हथियार मिलने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध हथियार रखने, तस्करी करने और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई में पिपराकोठी थाना के पुलिस पदाधिकारी धनंजय कुमार, नन्दलाल पासवान और सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

# दुस्साहस : डुमरियाघाट में ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़कर दस लाख की चोरी, सनसनी

## अतिव्यस्त स्टेट हाईवे 74 किनारे स्थित रामपुर खजुरिया चौक पर चोरों ने दिया है घटना को अंजाम

» पहले तोड़ा बरामदा का ताला, फिर शटर का ताला तोड़ अंदर दाखिल हुए चोर
» चोरों ने ताला तोड़कर पुलिस को दी है चुनौती, सदमे में दुकानदार





**बीएनएम @ डुमरियाघाट**

रामपुर खजुरिया चौक पर स्टेट हाईवे 74 सड़क किनारे स्थित सचिन ज्वेलर्स एण्ड बर्तन भंडार में बीती रात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर इलाके में सनसनी फैला दी है। चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और वहां रखे लॉकर और गल्ला को तोड़कर लाखों रुपये मूल्य के आभूषण व नकदी लेकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। देर रात दुकान के आसपास सन्नाटा और कोहरा होने का फायदा उठाकर शटर का ताला काटा है, जिसके बाद लॉकर को तोड़कर करीब 32 ग्राम सोना, लगभग 4 किलो चांदी तथा 60 हजार रुपये नगद चोर उड़ा ले गए। सुबह जब दुकान मालिक दुकान खोलने पहुंचे तो टूटा हुआ शटर और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। इसके बाद तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डुमरियाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने दुकान के अंदर और आसपास से साक्ष्य जुटाए तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह पेशेवर चोरों की करतूत प्रतीत होती है। घटना के बाद रामपुर खजुरिया चौक पर व्यापारियों में दहशत का माहौल है। घटना के संबंध में बताया गया है कि चोरों ने सबसे पहले दुकान के बरामदे में लगे एक ताला को तोड़ा फिर अंदर दाखिल हुए। उसके बाद दुकान के शटर में लगा दो ताला तोड़ा फिर लॉकर का इंटरनल लॉक और एक अन्य ताला तोड़कर चोरी की। स्थानीय दुकानदारों ने रात्रि गश्ती बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना को लेकर दुकानदार शिवशंकर साह ने बताया कि इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने पहुंचकर घटना का तहकीकात किया है। दुकानदार शिवशंकर साह ने बताया कि अनुमानित दस लाख रुपए के आभूषण और नगदी चोरी हुए है। घटना के बाद दुकानदार काफी सदमे में है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुमंडल पदाधिकारी ने किया इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण



**बीएनएम @ अरेराज।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के पांचवें दिन शनिवार को अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा काफी सक्रिय नजर आईं। परीक्षा की सुचिता और शांतिपूर्ण व्यवस्था का जायजा लेने के लिए उन्होंने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में एसडीओ अंजली शर्मा सबसे पहले श्री सोमेश्वर उच्च विद्यालय, अरेराज पहुँचीं, जहाँ उन्होंने परीक्षा हॉल में जाकर परीक्षार्थियों की उपस्थिति और वहां तैनात वीक्षकों की सक्रियता को देखा। इसके बाद उन्होंने एमएसएसजी कॉलेज, अरेराज का रुख किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र अधीक्षकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और फ्रिस्किंग (जांच) प्रक्रिया का अवलोकन किया ताकि कोई भी परीक्षार्थी आपत्तिजनक सामग्री के साथ केंद्र के भीतर प्रवेश न कर सके। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्र के आसपास धारा 144 का सख्ती से पालन किया जाए और किसी भी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल और दंडाधिकारियों को भी अपनी ड्यूटी के प्रति पूरी तरह मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया। उनके इस औचक निरीक्षण से परीक्षा केंद्रों पर हड़कंप की स्थिति रही और परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संचालित होती दिखी।

### कई मामलों में फरार अभियुक्त विशाल चौधरी गिरफ्तार



**बीएनएम@ बेतिया।** पुलिस अधीक्षक पश्चिम चम्पारण शौर्य सुमन के निर्देशानुसार जिले में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बैरिया थाना पुलिस ने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैरिया थाना के कई मामलों में फरार अभियुक्त विशाल कुमार चौधरी (27 वर्ष), पिता भरत चौधरी, निवासी शिसवा सरैया, थाना बैरिया, जिला पश्चिम चम्पारण के संबंध में बैरिया थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली। सूचना से तत्काल पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन को अवगत कराया गया, जिसके बाद उनके निर्देश पर पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गई। बेहतर सूचना आदान-प्रदान के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त को बैरिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके विरुद्ध बैरिया एवं कुमारबाग थाना में कई मामले दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट, आईटी एक्ट, मारपीट, हत्या के प्रयास, सड़क दुर्घटना, मद्य निषेध अधिनियम सहित अन्य धाराओं से जुड़े कांड शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### पेड़ से बांधकर युवक की पिटाई का वीडियो वायरल, पांच नामजद पर केस



**बीएनएम@ बेतिया/मझौलिया।** थाना क्षेत्र के जौकटिया गांव में एक युवक को पेड़ से बांधकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो की जांच में पीड़ित की पहचान जौकटिया निवासी करण साह के रूप में हुई। बताया गया कि 6 फरवरी 2026 को वह अपने एक ग्रामीण पड़ोसी की बारात में गए थे, जहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की तथा पेड़ से बांध दिया। इस मामले में पीड़ित के आवेदन पर मझौलिया थाना कांड संख्या 134/26 दर्ज कर पांच नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की गई है और पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी विवाद की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई हो सके।

### नाबालिग की संदिग्ध मौत मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**बीएनएम@ बेतिया।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के रखई गांव में एक नाबालिग लड़की की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क है, हालांकि फिलहाल विधि-व्यवस्था सामान्य बताई जा रही है। पुलिस को शुक्रवार देर शाम सूचना मिली कि रखई गांव के पश्चिमारी टोला वार्ड संख्या-03 में एक नाबालिग लड़की ने फांसी लगा ली है। सूचना के सत्यापन के लिए शिकारपुर थाना पुलिस और एफएसएल (फॉरेंसिक टीम) घटनास्थल पर पहुंची। मृतका के पिता इजहार अंसारी ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि 5-6 फरवरी की रात गांव के कुछ असामाजिक तत्व एक नाबालिग लड़के को उनकी बेटी के घर लाकर दोनों को जबरन बांधकर मारपीट करने लगे। आरोप है कि लड़के के बाल काटे गए और दोनों के साथ मारपीट की गई। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद लड़की की हत्या कर शव घर में छोड़ दिया गया। इस मामले में इजहार अंसारी के आवेदन के आधार पर शिकारपुर थाना कांड संख्या 130/26 दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने इस्तेखार अंसारी समेत 11 नामजद और लगभग 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

## स्विफ्ट कार से पुलिस ने की 312 लीटर विदेशी शराब जब्त, चालक फरार

**बीएनएम@ बेतिया**



पश्चिम चम्पारण पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन के निर्देशन में गठित टीम द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार 7 फरवरी 2026 की सुबह सूचना मिली कि लौरिया की ओर से एक चारपहिया वाहन में छिपाकर शराब बेतिया लाई जा रही है। सूचना के बाद पुलिस टीम सुप्रिया रोड पर पहुंचकर वाहनों की जांच करने लगी। इसी दौरान BR-31-2735 नंबर की मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार तेजी से आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा वाहन रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक भागने लगा। पुलिस ने वाहन का पीछा किया। सुप्रिया रोड स्थित अष्टविनायक हॉस्पिटल के पास चालक ने वाहन से टक्कर मार दी और कार छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, जिसमें से किंगफिशर स्ट्रॉन्ग विदेशी शराब की 624 बोतल (प्रत्येक 500 मिलीलीटर) यानी कुल 312 लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने वाहन और शराब को जब्त कर लिया। इस मामले में कालीबाग थाना कांड संख्या 42/26 दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में डीआईयू मद्यनिषेध के प्रभारी पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार, कालीबाग थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी, पवन कुमार पासवान, मितेंद्र कुमार तथा कालीबाग थाना के रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## तुरकौलिया में दो ज्वेलर्स दुकानों में लाखों की चोरी, सीसीटीवी हार्डडिस्क पोखर से बरामद

**बीएनएम@ तुरकौलिया**






थाना क्षेत्र के माधोपुर गोपाल चौक स्थित दो ज्वेलर्स दुकानों में अज्ञात चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान से सोने-चांदी के गहने लेकर पास के एक पोखर के समीप खाली डिब्बे फेंक दिए और दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा व हार्डडिस्क को पोखर में डाल दिया। पुलिस ने पोखर से हार्डडिस्क बरामद कर ली है और उसके डाटा को खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही तुरकौलिया पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। बेतिया से बुलाए गए डॉग स्क्वायड ने दुकान और पोखर के आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित दुकानदार टुनटुन ने बताया कि वह शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। शनिवार सुबह मकान मालिक से शटर का ताला टूटने की सूचना मिली। दुकान के भीतर सामान बिखरा हुआ था और लॉकर से पायल, बिछिया, अंगूठी, नथ, टॉप्स सहित करीब 17–18 लाख रुपये के जेवरात गायब थे। दूसरे दुकानदार अजित ने बताया कि उनकी दुकान में पहले भी दो बार चोरी हो चुकी है। इस बार चोर बगल की हार्डवेयर दुकान में सेंधमारी कर उनके यहां पहुंचे और करीब साढ़े तीन लाख रुपये के जेवरात ले गए। प्रभारी थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया कि चोरी के उद्भेदन के लिए तकनीकी टीम और डॉग स्क्वायड की मदद ली जा रही है। दुकानदारों से पूछताछ की गई है और आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सैलरी नहीं मिलने से आक्रोशित एएनएम ने किया सीएचसी प्रभारी कक्ष का घेराव, भुगतान का मिला आश्वासन

**बीएनएम@पताही**





प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में कई माह से वेतन/मानदेय का भुगतान नहीं होने से नाराज एएनएम कर्मियों का आक्रोश शनिवार को खुलकर सामने आ गया। आक्रोशित एएनएम कर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हंगामा करते हुए चिकित्सा प्रभारी के कक्ष का घेराव कर अपनी मांगों को मजबूती से रखा। एएनएम कर्मियों का कहना था कि वे नियमित रूप से ड्यूटी निभा रही हैं, इसके बावजूद कई महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इससे उनके समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। भुगतान में लगातार हो रही देरी से नाराज सभी एएनएम एकजुट होकर चिकित्सा प्रभारी के कक्ष में पहुंचीं और शीघ्र भुगतान की मांग की। घेराव की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. शंकर बैठा ने एएनएम कर्मियों से वार्ता की और उन्हें शांत कराया। बातचीत के दौरान उन्होंने लंबित भुगतान को लेकर स्पष्ट आश्वासन दिया।

**इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉ. शंकर बैठा ने बताया,**–"मुझे कुछ दिन पहले ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी बनाया गया है। जिन कर्मियों का भुगतान लंबित है, उनकी सूची तैयार कर ली गई है और बहुत जल्द सभी का भुगतान कर दिया जाएगा।" चिकित्सा प्रभारी के आश्वासन के बाद एएनएम कर्मी शांत हुईं और घेराव समाप्त कर दिया। हालांकि एएनएम कर्मियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो वे पुनः आंदोलन करने को विवश होंगी। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक साप्ताहिक बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में चिकित्सा प्रभारी ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कर्मी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। इस बैठक में चिकित्सा प्रभारी डॉ. शंकर बैठा के साथ डॉ.परवेज आलम,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक राज कुमार, एम एंड ई मुकेश कुमार, एएनएम, जीएनएम सहित स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने शिकारपुर अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



**बीएनएम@ बेतिया**

पुलिस अधीक्षक पश्चिम चम्पारण शौर्य सुमन ने शनिवार को पुलिस अंचल कार्यालय शिकारपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों और कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक ने लूट पंजी, गिरोह पंजी, डकैती पंजी, फिरौती हेतु अपहरण पंजी सहित शाखा से संबंधित अन्य पंजीयों का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखों के संधारण और लंबित मामलों के निष्पादन में तत्परता बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान शिकारपुर अंचल के पुलिस अंचल निरीक्षक, लौरिया, साठी, सहोदर, गौनाहा और मटियरिया थाना के थानाध्यक्ष सहित अन्य उपस्थित थे।

## साठी थाना में एसपी ने लगाया जनता दरबार, समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश





**बीएनएम@बेतिया**

पुलिस मुख्यालय, बिहार पटना के निर्देशानुसार शनिवार को पश्चिम चंपारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन (भा.पु.से.) ने साठी थाना परिसर में जनता दरबार सह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने आम लोगों और जनप्रतिनिधियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार का उद्देश्य पुलिस-जनता संबंध को मजबूत करना, आमजन की शिकायतों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करना तथा महिलाओं और किशोरियों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाना बताया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भयमुक्त वातावरण बनाना और पुलिसिंग की गुणवत्ता को बेहतर करना पुलिस की प्राथमिकता है, जिसके लिए इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज, शिकारपुर अंचल पुलिस निरीक्षक सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

## रक्सौल में 'काली सेना' का गठन, पार्वती तिवारी बनीं राष्ट्रीय प्रमुख

**बीएनएम@रक्सौल**



महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के उद्देश्य से शुक्रवार को रक्सौल स्थित काली मंदिर परिसर में महिला संगठन 'काली सेना' का गठन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। आयोजन काली मंदिर के पीठाधीश्वर सेवक संजय नाथ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सेवक संजय नाथ ने बताया कि काली सेना पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित संगठन होगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा लैंगिक भेदभाव, यौन उत्पीड़न और अन्य अत्याचारों के खिलाफ सशक्त आवाज उठाना है। उन्होंने कहा कि संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, सुरक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि काली सेना से जुड़ी महिलाओं को काली न्यास द्वारा संचालित अस्पताल में इलाज पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी, ताकि स्वास्थ्य सुविधाएं अधिक सुलभ हो सकें। कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा रक्सौल जिला की महामंत्री पार्वती तिवारी को काली सेना का राष्ट्रीय प्रमुख नियुक्त किया गया। अपने संबोधन में पार्वती तिवारी ने कहा कि महिलाओं को अपनी शक्ति पहचानने और आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। काली सेना उन्हें आगे बढ़ने का मंच प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि संगठन महिलाओं को कुटीर उद्योगों से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का भी कार्य करेगा। इस अवसर पर संगठन के अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। पूर्णिमा देवी को राष्ट्रीय सह प्रमुख, रिंकू देवी को सचिव, रामकली देवी को सह सचिव, नीलू देवी को संगठन सह सचिव, आसमा खातून को संगठन मंत्री तथा पूजा देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने संगठन के उद्देश्यों का समर्थन करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। वहीं लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ ने संगठन के सामाजिक कार्यों में सहयोग का भरोसा जताया।

# भारत और ईयू वार्ता

डॉनल्ड ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में भारत और ईयू ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी। डॉनल्ड ट्रंप के प्रहार झेल रही दुनिया में भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करके मजबूत संदेश दिया है। ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में दोनों पक्षों ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी। इसके बावजूद एफटीए के लागू होने में अभी कम-से-कम एक वर्ष लगेगा। इसके तहत मिलने वाली रियायतों के संपूर्णतः लागू होने में तो सात साल लगेंगे। ईयू में ऐसे समझौतों पर मुहर लगने की प्रक्रिया दुरूह है। मसलन, अब समझौते के प्रारूप का वहां प्रचलित 24 भाषाओं में अनुवाद होगा। संबंधित देशों की हरी झंडी मिलने के बाद यूरोपीय संसद उसे पारित करेगी। उस प्रक्रिया से होकर निकले प्रारूप पर तब जाकर दस्तखत हो पाएंगे। चूंकि विवादास्पद मुद्दों को फिलहाल एफटीए से अलग रखा गया है, इसलिए संभावना है कि उपरोक्त प्रक्रियाएं निर्बाध पूरी हो जाएंगी। कृषि, निवेश संरक्षण, कार्बन टैक्स आदि फिलहाल एफटीए में शामिल नहीं हैं। पिछले वित्त वर्ष में भारत और ईयू के बीच व्यापार 136.5 बिलियन डॉलर का था। एफटीए लागू होने के बाद इसमें 41- 65 प्रतिशत तक वृद्धि होने का अनुमान है। अमेरिका के लगाए टैरिफ से भारत के जीडीपी को 1.6 फीसदी नुकसान का अंदाजा लगाया गया था। संभावना है कि उसमें से लगभग आधे की भरपाई ईयू से बढ़ने वाले व्यापार से हो जाएगी। इससे ईयू के वस्त्र बाजार में भारतीय उत्पाद बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पादों का बाजार छीन पाएंगे। मगर महंगे वाहनों, नासपाती, कीवी, स्टील, फूड प्रोसेसिंग आदि के भारतीय कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा। बहरहाल, बदलती हुई दुनिया में निर्यात केंद्रित अर्थव्यवस्थाएं ऐसे ही उपायों से अपनी मुश्किलों से निकलने की जद्दोजहद कर रही हैं। पिछले हफ्ते दावो में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आह्वान किया था कि मध्यम श्रेणी की ताकतें उत्पीड़न से बचने के लिए मिल-जुल कर रास्ता निकालें। उसी तरह की एक राह निकालने की कोशिश भारत-ईयू ने की है। इससे भविष्य को लेकर फिलहाल माहौल में सकारात्मकता आई है। इसमें एक मजबूत संदेश निहित है।

# डिजिटल युग में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता और यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2026 के ऐतिहासिक नियम परिवर्तन -एक समग्र विश्लेषण

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर वर्तमान डिजिटल युग में जहां एक ओर तकनीक ने ज्ञान,सूचना और अवसरों को वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक बनाया है,वहीं दूसरी ओर इसी तकनीक के दुरुपयोग ने परीक्षा प्रणालियों की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न भी खड़े कर दिए हैं। बीते कुछ वर्षों में भारत ही नहीं,बल्कि विश्व के अनेक देशों में उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, डिजिटल हैकिंग,प्रॉक्सी कैंडिडेट्स कोचिंग-माफिया गठजोड़ और मेरिट के क्षरण जैसी घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।भारत में नीट,रेलवे, राज्य लोक सेवा आयोगों और विभिन्न भर्ती बोर्डों की परीक्षाओं में सामने आए हैं मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि घोटालों ने यह स्पष्ट कर दिया कि पारंपरिक नियमों और ढांचागत कमजोरियों के साथ आधुनिक डिजिटल चुनौतियों का सामना करना अब संभव नहीं रह गया है। इसी पृष्ठभूमि में संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 के लिए जो नोटिफिकेशन 4 फरवरी 2026 को जारी किया है, वह केवल एक सामान्य भर्ती विज्ञापन नहीं,बल्कि भारत की प्रशासनिक भर्ती प्रणाली में एक ऐतिहासिक संरचनात्मक सुधार के रूप में देखा जा रहा है। यह नोटिफिकेशन न केवल उम्मीदवारों के लिए नियमों में भारी परिवर्तन करता है, बल्कि यह स्पष्ट संकेत भी देता है कि आयोग अब मेरिट,अवसरों की समानता,नैतिकता और सेवा-प्रतिबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगा।यूपीएससी सीएसई -2026 के माध्यम से कुल 933 पदों पर भर्ती की जानी है,जिनमें से 33 पद बेंचमार्क दिव्यांग श्रेणी के लिए आरक्षित हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 4 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो चुकी है और आवेदन की अंतिम तिथि 24 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट upsconline.nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। हालांकि,इस बार आवेदन भरना मात्र औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, क्योंकि नए नियमों की जटिलता और दीर्घकालिक प्रभाव को समझे बिना किया गया कोई भी निर्णय उम्मीदवार के पूरे करियर को प्रभावित कर सकता है। साथियों बात अगर हम केवल एक अतिरिक्त मौकाः सीरियल अटेम्प्ट' संस्कृति पर निर्णायक प्रहार इस बदले हुए नियम को समझने की करें तो, नोटिफिकेशन का सबसे महत्वपूर्ण और विवादास्पद प्रावधान यह है कि जो आईएएस आईएफएस उम्मीदवार सीएसई -2025 या उससे पहले की परीक्षा के आधार पर किसी भी सिविल सेवा में चयनित या नियुक्त हो चुके हैं,उन्हें सीएसई-2026 या सीएसई -2027 में केवल एक बार और परीक्षा देने का अवसर दिया जाएगा।यह अवसर भी केवल उनके बचे हुए अटेम्प्ट्स के उपयोग तक सीमित रहेगा और इसके लिए उन्हें तत्काल सेवा से इस्तीफा देने की आवश्यकता नहीं होगी।यह नियम उस प्रवृत्ति पर सीधा प्रहार है जिसमें उम्मीदवार एक सेवा प्राप्त करने के बाद भी बार-बार परीक्षा देकर "अपग्रेड सिंड्रोम" का शिकार बने रहते थे। इससे न केवल नए और पहली बार प्रयास करने वाले अभ्यर्थियों के अवसर सीमित होते थे,बल्कि प्रशासनिक ढांचे में भी अस्थिरता उत्पन्न होती थी।नए नियमों के अनुसार, जो उम्मीदवार पिछली परीक्षाओं के परिणामस्वरूप भारतीय प्रशासनिक सेवा या भारतीय विदेश सेवा में नियुक्त हो चुके हैं और वर्तमान में उन सेवाओं के सदस्य हैं, वे सीएसई -2026 में शामिल होने के लिए पूर्णतः अयोग्य होंगे।यह निर्णय वैश्विक प्रशासनिक प्रणालियों के अनुरूप है, जहां शीर्ष सेवाओं को एक करियर-फाइनल डेस्टिनेशन माना जाता है, न कि अस्थायी पड़ाव।इस प्रावधान का उद्देश्य स्पष्ट हैआईएएस और आईएफएस को एक बार प्राप्त करने के बाद उसे "स्टेपिंग स्टोन" की तरह प्रयोग करने की मानसिकता कोसटीक रूप से समाप्त करना। साथियों बात अगर हम प्रीलिम्स क्लियर करने के बाद भी मेन्स का अवसर नहींः समय- आधारित निष्पक्षता इसको समझने की करें तो,यदि कोई उम्मीदवार सीएसई -2026 की प्रारंभिक परीक्षा पास कर लेता है, लेकिन उसके बाद उसे पिछली परीक्षा के आधार पर आईएएस या आईएफएस में नियुक्ति मिल जाती है और वह उस सेवा का सदस्य बना रहता है, तो वह सीएसई -2026 की मुख्य परीक्षा में शामिल होने का पात्र नहीं रहेगा। यह नियम परीक्षा प्रक्रिया में टाइम-लाइन आधारित निष्पक्षता को सुनिश्चित करता है और "दो नावों में पैर रखने" की प्रवृत्ति को रोकता है।यदि कोई उम्मीदवार मुख्य परीक्षा शुरू होने के बाद लेकिन परिणाम घोषित होने से पहले आईएएस या आईएफएस में नियुक्त हो जाता है और सेवा में बना रहता है, तो उसे सीएसए -2026 के परिणाम के आधार पर किसी भी सेवा में नियुक्त नहीं किया जाएगा।यह नियम यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी उम्मीदवार एक ही समय में दो अलग-अलग चयन प्रक्रियाओं का लाभ न उठा सके। साथियों बात अगर हम हम आईपीएस के लिए 'नो री- एंट्री' नीति को समझने की करें तो नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया है कि जो उम्मीदवार पिछली परीक्षा के आधार पर भारतीय पुलिस सेवा में चयनित या नियुक्त हो चुके हैं, वे सीएसई -2026 के परिणाम के आधार पर पुनः आईपीएस चुनने या उसमें शामिल होने के पात्र नहीं होंगे। यह नियम पुलिस नेतृत्व में निरंतरता, प्रशिक्षण निवेश की सुरक्षा और प्रशासनिक स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।ट्रेनिंग से केवल एक बार छूटः सेवा- प्रतिबद्धता का नया मानक- आईएएस,आईपीएस या किसी अन्य ग्रुप-A सेवा में चयनित उम्मीदवार सीएसई -2027 में तभी शामिल हो सकते हैं जब उन्हें सीएसई -2026 के आधार पर अलॉट की गई सेवा की ट्रेनिंग से केवल एक बार छूट दी गई हो। यह प्रावधान यह स्पष्ट करता है कि प्रशिक्षण अब औपचारिकता नहीं, बल्कि सेवा का अनिवार्य और सम्मानजनक हिस्सा है। साथियों बात अगर हम 'नो स्टेप-नो सर्विस': फाउंडेशन कोर्स की अनिवार्यता को समझने की करें तो,नए नियमों के अनुसार, चयनित उम्मीदवार को फाउंडेशन कोर्स में शामिल होना अनिवार्य है। यदि कोई उम्मीदवार न तो ट्रेनिंग में शामिल होता है और न ही विधिवत छूट प्राप्त करता है,तो उसकी सेवा आवंटन स्वतःरद्द कर दीजाएगी। यह प्रावधान प्रशासनिक अनुशासन और संस्थागत संस्कृति को मजबूत करता है। यदि कोई उम्मीदवार सीएसई -2027 में चयनित होता है, तो वह या तो सीएसई -2026 या सीएसई -2027 में अलॉट की गई सेवा में से एक का ही चयन कर सकता है। चयनित सेवा के अतिरिक्त अन्य सभी सेवा आवंटन स्वतः रद्द कर दिए जाएंगे। यह नियम उम्मीदवारों को स्पष्ट और जिम्मेदार निर्णय लेने के लिए बाध्य करता है।दोनों चयन रद्द होने की स्थितिः अंतिम चेतावनी-यदि उम्मीदवार न तो सीएसई -2026 और न ही सीएसई -2027 के आधार पर आवंटित सेवा की ट्रेनिंग में शामिल होता है, तो दोनों सेवाओं का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। यह प्रावधान यह दर्शाता है कि यूपीएससी अब अनिश्चितता और अनिर्णय को सहन करने के मूड में नहीं है।तीसरे प्रयास से पहले इस्तीफा अनिवार्यः करियर-फाइनलिटी की अवधारणा- नोटिफिकेशन का सबसे निर्णायक नियम यह है कि जो उम्मीदवार पहले दो प्रयासों में चयनित हो चुके हैं, वे तीसरी बार परीक्षा नहीं दे सकते। यदि वे सीएसई -2028 या उसके बाद किसी परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, तो उन्हें वर्तमान सेवा से इस्तीफा देना होगा। यह नियम सिविल सेवा को एक पूर्णकालिक प्रतिबद्ध करियर के रूप में स्थापित करता है। अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि भारतीय प्रशासनिक प्रणाली का नया युग यूपीएससी सीएसई -2026 का यह नोटिफिकेशन केवल नियमों का संग्रह नहीं, बल्कि भारतीय प्रशासनिक भर्ती प्रणाली के नैतिक पुनर्गठन का दस्तावेज है। यह डिजिटल युग की चुनौतियों,अवसरों की समानता,प्रशिक्षण निवेश, सेवा- गरिमा और युवा प्रतिभाओं के लिए न्यायसंगत मंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक साहसिक कदम है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखें तो यह सुधार भारत को उन देशों की श्रेणी में खड़ा करता है जहां सिविल सेवा को केवल नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय उत्तरदायित्व माना जाता है।जो उम्मीदवार 24 फरवरी 2026 तक आवेदन करने जा रहे हैं,उनके लिए यह अनिवार्य है।

# गेमिंग की लत और तबाह होती नौनिहालों की जिंदगी



**डॉ. रमेश ठाकुर**

पिछले ही सप्ताह भोपाल की छत्रसाल कॉलोनी के एक व्यवसायी के 8वीं क्लास में पढ़ने वाले इकलौते बेटे ने गेमिंग में फंसकर आत्महत्या की थी। घटना चर्चाओं में थी कि वैसा ही एक और मामला गाजियाबाद में घट गया। सिलसिलेवार रूप से एक ही जैसे मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। बीते 24 महीनों में करीब 180 ऐसी ही घटनाएं देशभर में रिपोर्ट की गई हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में जिस हिसाब से 5 सालों में उछाल आया है, वह निश्चित रूप से रोंगटे खड़े करता है। कौन-सी तरकीब अपनाई जाए, जिससे बच्चे गेमिंग के चुंगल से निकल कर अपने पारंपरिक देशी किस्म के खेलकूदों की ओर मुड़ जाएं। दरअसल, ऐसी जरूरत गाजियाबाद में तीन बहनों के सुसाइट के बाद और ज्यादा महसूस होने लगी है। क्यों मॉडर्न बच्चे मैदानी खेलों को छोड़ कर मोबाइल गेमिंग जैसी आफतों में घुसते जा रहे हैं। ऐसे सवालों का उत्तर समाज के प्रत्येक वर्ग को सामूहिक स्तर पर खोजना चाहिए। टीनएजर्स में गेमिंग की लत जानलेवा बीमारी जैसी हो गई है जिसका ताजा उदाहरण सामने है। कोरियन गेमिंग की आड़ में गाजियाबाद की तीन सगी नाबालिग बहनों ने 'लवर गेम टास्क' में खुद को फंसा कर मौत को गले लगा लिया। उनके सुसाइड की खबर समाज में आग की तरह फैली हुई है। तीनों बहनों ने मौत को जिस भयावह अंदाज में अपनाया, उसने अभिभावकों को सबसे ज्यादा झकझोरा है। मृतकों ने अपने पिता के नाम चिट्ठी लिखकर मौत की वजह भी बताई। आठ पन्नों के सुसाइट नोट में उन्होंने अपनी अधूरी चाहत की पूरी दास्तां विस्तार से लिखी। ऐसी-ऐसी वजहें लिखीं, जिन्हें पढ़-सुनकर समाज सोचने पर विवश हुआ है। घटना की शुरूआती पड़ताल बताती है कि गेम की गिरफ्त में तीनों बहनें ऐसी जकड़ी कि निकल ही नहीं पाई, निकलने की तमाम नाकाम कोशिशें जरूर की। लेकिन दलदल में इतनी फंस चुकी थी, वहां से निकलना उनके लिए नामुकिन हो गया। अंत में तीनों ने नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर जीवनलीला समाप्त करना ही मुनासिब समझा। पुलिस घटना की तफ्तीश कर रही है। मामला जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, नई-नई अचंभित करने वाली बातें सामने आ रही हैं। कुछ ऐसी भी बातें जिनपर एकाएक विश्वास करना मुश्किल है। पुलिस की थ्योरी और पड़ोसियों की मानें तो तीनों लड़कियां चौबीसों घंटे गेम में लगी रहती थीं। तीनों ही कोरियन लड़कों से शादी करने पर आमादा थी। गेमिंग के जरिए कोरियन कल्चर को उन्होंने अपने दिल-दिमाग में इस कदर बिठा लिया था कि कोरिया के बिना उनका जीवन बेकार है। उनकी हरकतों से परिवार भी बीते दो सालों से परेशान और चिंतित था। पिता ने तीनों से उनका मोबाइल भी छीन लिया, जिसके चलते उन्होंने लड़ना-झगड़ा शुरू कर दिया था। इसके अलावा लड़कियां रोजाना अपने परिवार पर कोरिया ले जाने का दबाव डालने लगी थीं। सुसाइड में तीनों बहनों ने दुखभरी इमोजी भी बनाई, जिसमें पिता चेतन कुमार को 'सॉरी पापा' लिखकर, अंत में अलविदा शब्द लिखा। ये बात अब साबित हो चुकी है कि ज्यादातर गेम साइको टाइप लत परोसने लगे हैं। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा अपनेपन का एहसास कराने की जरूरत है। एक बार जो इसकी गिरफ्त में फंसा, आसानी से छुटकारा नहीं पा सकता। इस झकझोर देने वाली घटना को ध्यान में रखकर ये समझना होगा कि आखिर कोरियाई कल्चर टीनएजर्स को क्यों लुभाने रहा है? दरअसल, कोरियाई कल्चर की कुछ खासियतें हैं। उनका आधुनिक ड्रामा और के-पॉप प्यार और पारिवारिक भावनाएं लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। उनके अपनेपन से लोग आसानी से उनसे जुड़ जाते हैं। कोरिया की आधुनिक और पारंपरिक जीवनशैली, के-फूड, फैशन और के-ब्यूटी भी युवाओं को खासा आकर्षित करती है। भारत में इस समय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कोरियन फिल्म, ड्रामा, सीरियल और मूवीज खूब पसंद किए जा रहे हैं। इन सबसे बढ़कर युवाओं पर उनका गेमिंग सेक्टर ज्यादा प्रभाव डाल रहा है। युवा हो रही पीढ़ी पर ऑनलाइन गेमिंग के गहरे मानसिक असर से बचाने की बड़ी चुनौती है। गाजियाबाद जैसी घटनाओं के चलते नाबालिगों का असमय चले जाना, अभिभावकों को भीतर तक आघात देता है। बदले हुए युग की आधुनिक तस्वीरें निश्चित रूप से डरावनी हैं। मैदान, पार्क, खेलकूद की तमाम जगहें बच्चों के बिना सूने पड़े हैं। उन्हें छोड़ कर बच्चे मोबाइलों में घुसे हैं। स्कूल से आने के बाद बच्चे मोबाइल पर झपट्टा मारते हैं। इस दुखद घटना से हम सभी को सीखने की जरूरत है। घटना 4 फरवरी सुबह करीब सवा दो बजे गाजियाबाद के 'भारत सिटी सोसाइटी' की है। पिता चेतन ने दो शादियां की थी, पहली बीवी से दो बेटियां हुई। लेकिन बेटे के चाहत में चेतन ने अपनी साली से ब्याह किया, उससे भी बेटी हुई। तीनों की उम्र महज 16, 14 और 12 वर्ष के आसपास थी। तीनों एक ही कमरे में ज्यादातर समय साथ बिताती थीं। कोविड के बाद किन्हीं वजह से उनका स्कूल जाना बंद हुआ। उसके बाद कथित तौर पर एक मोबाइल गेमिंग ऐप के प्रभाव में आ गईं। दरअसल, यही बात अपने आप में सवाल खड़े करती है। बिना किसी हस्तक्षेप के बच्चे इतने साल अपनी पढ़ाई को कैसे गंवा सकते हैं? क्या उन्हें कोई दिक्कत थी। सीखने-पढ़ने में कोई कठिनाई थीं या फिर मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्याएं थीं। इसके अलावा कोई सामाजिक अलगाव या कुछ और समस्याएं थीं, जिस पर परिवार ने ध्यान नहीं दिया? इन सवालों को तय तक जांच-पड़ताल करने की जरूरत है क्योंकि एकाएक गेम की लत के चलते तीनों का दुनिया छोड़ देना, गले नहीं उतरता। अगर मौत का कारण गेम है तो इतना समझ लेना चाहिए, इस समस्या ने सभी के दरवाजों पर दस्तक दे दी है। अपने बच्चों को कैसे बचाना है, ये खुद पर निर्भर करता है। क्योंकि हमारे देश में ऐसा संभव नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया की भांति हमारे यहां भी 16 वर्ष तक के बच्चों को सोशल मीडिया पर बैन लग सकता है। ये अभिभावकों के लिए खुली चुनौती और चेतावनी जैसी है। ऐसी चेतावनी जो बच्चों को गेमिंग जैसी बीमारी से बचाने का आह्वान करती है। बच्चों पर निगरानी रखनी होगी। मोबाइल में देखी उनकी सामग्रियों की जांच करनी चाहिए। अगर कुछ गलत देखता है तो उसे समझना होगा। किशोरावस्था में आत्महत्या के बढ़ते मामलों को देखते हुए इसे किसी भी हालत में रोकना होगा।




**मेष राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज कुछ मुश्किलें रहेंगी, लेकिन आप सकारात्मक सोच रख कर उनका हल निकाल लेंगे। घर में व्यवस्था बनाए रखने तथा रखरखाव संबंधी कार्यों में व्यस्तता रहेगी। किसी नजदीकी व्यक्ति की समस्या में उसका सहयोग करने से खुशी मिलेगी। लवमेट के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहगा। अपनी काबिलियत के दम पर अच्छे लोगों के साथ रिश्ते को मज़बूत बनायेंगे। किसी भी कार्य में दूसरों की मदद से अपेक्षा न करें तथा अपनी योग्यता पर ही विश्वास रखें, आपको निश्चित फायदा होगा । वित्तीय मामलों को लेकर लिया गया निर्णय फायदेमंद साबित होगा। आज आपके रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आयेगा। इस राशि की महिलाएं अपने मान-सम्मान को लेकर विशेष रूप से सजग रहेगी तथा दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देगी। आपके काम को लेकर आपके परिवार वाले तारीफ करेंगेआपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको अपने मेहनत का फल जरूर मिलेगा। अपनी समझदारी से आप फालतू के खर्चों से बच सकते हैं। सेविंग की आदत को अपनाये। आज आपके दाम्पत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। कारोबारी गतिविधियों में समय अनुसार बदलाव की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान खरीदने का विचार बना रहे, लोगों के लिए आज अच्छा समय है। परिवारजनों के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। आज मनोरंजन का प्रोग्राम बनेगा। आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आप स्वयं को ऊर्जा से भरा महसूस करेंगे ।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। किसी काम में उनकी मदद भी मिलेगी। आप कुछ नये विचारों पर काम करेंगे ये विचार आपको अधिक मुनाफा देंगे। आप अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखेंगे। अपने लक्ष्य पर फोकस करेंगे तो जल्दी ही आपको सुखद परिणाम मिलेंगे ।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। जॉब के लिए आपको किसी अधिकारी का पूरा सहयोग मिलेगा। तरक्की के नए रास्तें खुलेंगे। ऑफिस में सब आपके काम की तारीफ करेंगे, बॉस आपको शाबाशी देंगे। राजनीति में आपको कुछ नया अनुभव मिलेगा। आज आप किसी धार्मिक फंक्शन में जा सकते हैं। जहां दोस्तों से मुलाकात होगी।

**तुला राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज अनावश्यक खर्चों पर कटौती करने से आपकी आर्थिक समस्या काफी हद तक सुलझ सकती है। आप अपनी महत्वपूर्ण वस्तुएं संभाल कर रखें। कारोबारी गतिविधियां व्यवस्थित रहेगी, लेकिन लेनदेन संबंधी मामलों को सावधानी रखें। स्टूडेंट्स का दिन आज बिजी रहेगा अपने काम को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन बेहतर रहेगा। आप अपने विनम्र व्यवहार से सबका दिल जीतेंगे । किसी भी चुनौती का आप सूझबूझ से समाधान निकाल लेंगे। व्यस्तता के बावजूद आप अपने व्यक्तिगत कार्यों को भी सहज तरीके से निपटा लेंगे। आज लाभ के मौके मिलने पर ज्यादा सोच-विचार करने के बजाय तुरंत उसे हासिल करें।

**धनु राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। प्रियजनों से मिलना आपके लिए खुशी का माहौल बनाएगा। आपको आपकी मनपसन्द वस्तु मिलेगी, जिससे आप बहुत ही अधिक प्रसन्न होंगे। आज पिछले कुछ समय से चल रही समस्या का समाधान मिलेगा और आप अपने अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे।

**मकर राशिः** मकर राशि वालों आज का दिन घूमने फिरने में बितेगा। आज अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। आने वाले दिनों में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज समस्याओं से घबराने के बजाय सॉल्यूशन खोजने की कोशिश करेंगे।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन बेहद खुशनुमा रहेगा। आज अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप परिवार और व्यवसाय में उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगे। अपना उत्साह बनाए रखें क्योंकि लापरवाही की वजह से कई मौका हाथ से निकल जायेंगे। कारोबार में नई गतिविधियों पर काम करने के लिए दिन अच्छा है, लेकिन अच्छे नतीजे के लिए धैर्य रखना होगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन सुनहरा रहेगा। वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन मिलने की वजह से कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में आपको आसानी होगी। भावनाओं में बहकर आप अपनी महत्वपूर्ण बात किसी के साथ शेयर न करें। कुछ समय बच्चों की परेशानियों को सुलझाने के लिए भी अवश्य निकालें।

# स्क्रीन में सिमटती दुनिया और कमजोर होती बचपन की नजर

**कांतिलाल मांडोतल**

कभी बेंगलूरू जैसे शहरों में सुबह की शुरुआत खुली हवा, पेड़ों की हरियाली और दूर तक फैले मैदानों को निहारते हुए होती थी। आंखें सहज रूप से दूर तक देख लेती थीं, नजरें बिना किसी दबाव के काम करती थीं। लेकिन बीते एक दशक में यह दृश्य तेजी से बदला है। अब बच्चों और किशोरों की दुनिया कुछ इंच की स्क्रीन में सिमट गई है। मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप ने ज्ञान, मनोरंजन और संवाद को बेहद आसान बना दिया है, लेकिन इसी सुविधा की कीमत हमारी आंखें चुका रही हैं। आंखें, जो प्रकृति के हिसाब से दूर देखने और खुले वातावरण में काम करने के लिए बनी हैं, अब लगातार पास की चीजों पर टिके रहने को मजबूर हैं। इसका असर यह हुआ है कि कम उम्र में ही नजर से जुड़ी समस्याएं, खासकर मायोपिया यानी निकट दृष्टि दोष, तेजी से बढ़ रहा है। नेत्र रोग विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। अत्यधिक स्क्रीन टाइम, शारीरिक सक्रियता की कमी और असंतुलित जीवनशैली ने मिलकर बच्चों की आंखों पर ऐसा दबाव डाला है, जिसकी भरपाई आगे चलकर बेहद मुश्किल हो सकती है। हाल के स्वास्थ्य कार्यक्रमों और अध्ययनों में लाखों बच्चों की जांच के दौरान यह सामने आया है कि दृष्टि संबंधी समस्याएं अब अपवाद नहीं रहीं, बल्कि सामान्य होती जा रही हैं। यह स्थिति इसलिए और चिंताजनक है क्योंकि बच्चों की आंखें अभी विकास की अवस्था में होती हैं और इस दौरान पड़ने वाला नकारात्मक प्रभाव जीवनभर साथ रह सकता है। मायोपिया की समस्या को समझना जरूरी है। जब बच्चा लगातार पास की चीजों, जैसे मोबाइल स्क्रीन या किताब, पर ध्यान केंद्रित करता है तो आंखों की मांसपेशियां उसी स्थिति में ढलने लगती हैं। धीरे-धीरे आंख की संरचना में बदलाव आने लगता है और दूर की वस्तुएं धुंधली दिखाई देने लगती हैं। शुरुआत में यह समस्या हल्की होती है, लेकिन समय के साथ चश्मे का नंबर बढ़ता चला जाता है। कई मामलों में किशोरावस्था तक पहुंचते-पहुंचते बच्चों को मोटे लेंस लगाने पड़ते हैं। यह केवल देखने की समस्या नहीं है, बल्कि सिरदर्द, आंखों में जलन, थकान और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई जैसी परेशानियां भी साथ आती हैं। स्क्रीन की लत का एक और गंभीर पहलू ड्राई आई सिंड्रोम है, जो पहले वयस्कों में ज्यादा देखा जाता था, लेकिन अब बच्चों में भी आम हो रहा है। जब हम स्क्रीन देखते हैं तो सामान्य से कम पलक झपकाते हैं। इससे आंखों की सतह सूखने लगती है, जलन और लालिमा बढ़ती है। लंबे समय तक ऐसा रहने पर आंखों की प्राकृतिक सुरक्षा प्रणाली कमजोर पड़ सकती है। इसके अलावा, नीली रोशनी का अत्यधिक संपर्क आंखों की रेटिना पर भी नकारात्मक असर डाल सकता है, जिससे भविष्य में गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इस पूरी तस्वीर में सबसे ज्यादा चिंता की बात शिशुओं और छोटे बच्चों को मोबाइल और टीवी दिखाने की बढ़ती प्रवृत्ति है। कई अभिभावक बच्चे को शांत रखने या व्यस्त रखने के लिए स्क्रीन का सहारा लेते हैं। लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि यह आदत बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और दृष्टि विकास तीनों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। शुरुआती वर्षों में बच्चे की आंखें और मस्तिष्क तेजी से विकसित होते हैं। इस दौरान स्क्रीन पर निर्भरता उनके प्राकृतिक सीखने की प्रक्रिया को बाधित करती है। आंखें गहराई, दूरी और गति को पहचानने का अभ्यास नहीं कर पातीं, जो आगे चलकर देखने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। प्राकृतिक रोशनी की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कई अध्ययनों में यह साफ तौर पर सामने आया है कि जो बच्चे रोजाना पर्याप्त समय बाहर धूप में बिताते हैं, उनमें मायोपिया का जोखिम कम होता है। धूप में रहने से शरीर में विटामिन-डी का स्तर बेहतर होता है और आंखों में डोपामाइन का स्राव बढ़ता है, जो आंख की लंबाई को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके विपरीत, बंद कमरों में सीमित रहना और ज्यादातर समय स्क्रीन के सामने बिताना आंखों को उनके प्राकृतिक वातावरण से दूर कर देता है। आज का शहरी जीवन बच्चों को खुले में खेलने से भी वंचित कर रहा है। पढ़ाई का दबाव, सुरक्षा की चिंता और डिजिटल मनोरंजन की उपलब्धता ने खेल के मैदानों को खाली कर दिया है। नतीजा यह है कि बच्चे न सिर्फ शारीरिक रूप से कम सक्रिय हो रहे हैं, बल्कि उनकी आंखों को भी वह राहत नहीं मिल पा रही, जिसकी उन्हें जरूरत है। आंखों के लिए दूर तक देखना एक तरह का व्यायाम है, जो उन्हें स्वस्थ रखता है। जब यह अभ्यास बंद हो जाता है तो आंखें कमजोर पड़ने लगती हैं। दूरगामी परिणामों की बात करें तो यह समस्या केवल चश्मे तक सीमित नहीं रहती। उच्च स्तर का मायोपिया भविष्य में रेटिना डिटैचमेंट, ग्लूकोमा और मैक्युलर डिजनरेशन जैसी गंभीर आंखों की बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। इसका मतलब है कि जो समस्या बचपन में शुरू होती है, वह वयस्कता में अंधेपन तक का कारण बन सकती है। इसके अलावा, कमजोर नजर का असर बच्चे के आत्मविश्वास, पढ़ाई और सामाजिक व्यवहार पर भी पड़ता है। बार-बार आंखों की थकान और सिरदर्द से जूझता बच्चा पढ़ाई में पिछड़ सकता है और खेलकूद से दूर हो सकता है। अभिभावकों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में बेहद अहम है। बच्चों को पूरी तरह तकनीक से दूर रखना संभव नहीं है और न ही यह व्यावहारिक है। लेकिन संतुलन बनाना जरूरी है। स्क्रीन टाइम को सीमित करना, बीच-बीच में आंखों को आराम देना और बच्चों को बाहर खेलने के लिए प्रोत्साहित करना छोटे लेकिन प्रभावी कदम हो सकते हैं। भोजन में हरी सब्जियां, फल और पोषक तत्व शामिल करना भी आंखों की सेहत के लिए जरूरी है। साथ ही, समय-समय पर आंखों की जांच करवाना समस्याओं को शुरुआती चरण में पकड़ने में मदद करता है। समाज और शिक्षा व्यवस्था को भी इस दिशा में सोचने की जरूरत है। स्कूलों में लंबे समय तक डिजिटल पढ़ाई के बजाय मिश्रित तरीकों को अपनाया जाना चाहिए, जहां स्क्रीन और किताब दोनों का संतुलित उपयोग हो।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# अपनी बल्लेबाजी कौशल पर भरोसा था कि बड़े मैच में योगदान दे सकता हूं: सूर्यवंशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




अंडर-19 विश्व कप में रिकॉर्ड छठी जीत, वैभव सूर्यवंशी की 175 रन की विस्फोटक पारी बनी भारत की सफलता की कुंजी भारत को रिकॉर्ड छठा अंडर-19 विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने फाइनल में अपने स्वाभाविक अंदाज में खेलते हुए ऐसा धमाका किया, जिसने इंग्लैंड की पूरी रणनीति को ध्वस्त कर दिया। महज 14 वर्ष की उम्र में सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन की अविश्वसनीय पारी खेली, जिसमें 15 छक्के और 15 चौके शामिल थे। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 411 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इंग्लैंड को 311 रन पर रोककर 100 रन से मुकाबला जीत लिया। फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' और पूरे टूर्नामेंट में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने गए सूर्यवंशी ने कहा कि उन्हें अपने कौशल पर पूरा भरोसा था और टीम ने शुरुआत से ही अनावश्यक दबाव नहीं लेने की रणनीति अपनाई। मैच के बाद उन्होंने कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दिखाए गए प्रदर्शन को दोहराने पर जोर दिया और इसी प्रक्रिया ने उन्हें बड़े मुकाबले में जीत दिलाई। सूर्यवंशी ने बताया कि टीम पिछले 8–9 महीनों से लगातार कड़ी मेहनत कर रही थी, जिसका नतीजा अब जाकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि एशिया कप में पाकिस्तान से हार के बाद टीम ने और ज्यादा तैयारी की, जिसका सकारात्मक असर फाइनल में भी दिखाई दिया। भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे ने विश्व कप जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि टीम रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर द्वारा स्थापित विश्व कप जीत की विरासत को आगे बढ़ाना चाहती थी। उन्होंने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा कि टीम ने फाइनल में बिना दबाव के अपना स्वाभाविक खेल दिखाया। म्हात्रे ने सूर्यवंशी की बल्लेबाजी को 'जादुई' बताते हुए कहा कि उनकी पारी को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर ने इस जीत को 'अविश्वसनीय' करार दिया और कहा कि इंग्लैंड द्वारा दिखाए गए संघर्ष के बाद यह विजय और भी खास हो जाती है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों का इस तरह निखरकर सामने आना भारतीय क्रिकेट के भविष्य के लिए बेहद सकारात्मक संकेत है। वहीं इंग्लैंड के कप्तान थॉमस रियू ने स्वीकार किया कि सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी ने उनकी सारी योजनाओं को ध्वस्त कर दिया और इतनी करीब आकर ट्रॉफी गंवाना बेहद दर्दनाक है।

# क्या शुरुआती मैच से बाहर रहेंगे बुमराह; सिर्फ 13 फिट खिलाड़ी बचे

» टी20 वर्ल्ड कप के पहले मैच से ठीक पहले बड़ा झटका

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय टीम आज अमेरिका के खिलाफ मुकाबले के साथ आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत करेगी यह मैच शाम 7बजे मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना हैं, लेकिन इससे पहले टीम को लगातार फिटनेस समस्याओं ने गहरा झटका दिया है। सबसे बड़ी चिंता तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी है, जो वायरल बुखार की वजह से पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में टीम के ट्रेनिंग सेशन में तो पहुंचे, लेकिन उन्होंने अभ्यास में हिस्सा नहीं लिया, जिससे स्पष्ट हो गया कि वह शुरुआती मैच से बाहर रहेंगे। बुमराह की अनुपस्थिति के साथ ही भारत के पास टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले केवल 13 खिलाड़ी पूरी तरह फिट बचे हैं। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर अभी तक टीम से नहीं जुड़ पाए हैं क्योंकि वह बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस क्लीयरेंस का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच एक और बड़ा झटका तब लगा जब बीसीसीआई ने शुक्रवार रात आधिकारिक रूप से बताया कि तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। राणा को इस सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वॉर्म-अप मैच के दौरान घुटने में चोट लगी थी। उन्होंने मैच में सिर्फ एक ओवर फेंका था और 16 रन देने के बाद घुटना पकड़कर मैदान से बाहर चले गए थे। विशेषज्ञ की सलाह और स्कैन रिपोर्ट देखने के बाद बीसीसीआई मेडिकल टीम ने उन्हें टूर्नामेंट के लिए अनफिट घोषित कर दिया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान जारी कर कहा, "हर्षित राणा को 4 फरवरी को नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वॉर्म-अप मैच के दौरान घुटने में चोट लगी थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अनफिट पाया गया है। टीम मैनेजमेंट उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता है।" राणा की जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया है और बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज के आज रात प्लेइंग इलेवन में उतरने की पूरी संभावना है। टीम इंडिया अब सिर्फ 13 उपलब्ध फिट खिलाड़ियों के साथ अपना अभियान शुरू कर रही है, जिससे टीम संयोजन को लेकर चुनौतियां और बढ़ गई हैं। भारत की नज़र इस बार तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतकर इतिहास रचने पर है, लेकिन लगातार चोटों और फिटनेस समस्याओं ने शुरुआती चरण में ही टीम के सामने बड़ी मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। टीम को उम्मीद है कि आगामी मैचों तक बुमराह और अन्य खिलाड़ी जल्दी फिट होकर वापस टीम संयोजन को मजबूत करेंगे।

**भारत की अपडेटेड टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज।

# बॉक्सम एलीट : 12 भारतीय मुक्केबाज गोल्ड की दौड़ में, लवलीना 75 किग्रा फाइनल में पहुंचीं

**एजेंसी, ला नूसिया (स्पेन)**



बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। टूर्नामेंट के चौथे दिन के मुकाबलों के बाद भारत के 12 मुक्केबाज (8 महिलाएं और 4 पुरुष) स्वर्ण पदक के लिए फाइनल में पहुंच चुके हैं। इनमें ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोर्गोहाईं भी शामिल हैं, जिन्होंने महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। महिलाओं के मुकाबलों में भारत का दबदबा साफ नजर आया। लवलीना ने वेल्स की रोसी एक्लेस को सर्वसम्मत फैसले से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं 54 किग्रा वर्ग में भारत का गोल्ड पहले ही पक्का हो गया है, जहां प्रीति और पूनम के बीच ऑल-इंडियन फाइनल खेला जाएगा। इसके अलावा महिलाओं के अन्य वर्गों में भी भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार खेल दिखाया। मंजू रानी (48 किग्रा), नीतू (51 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और नैना (80 किग्रा) ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई और भारत की गहराई और निरंतरता को साबित किया। पुरुष वर्ग में भी भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। 60 किग्रा वर्ग में सचिन ने इंग्लैंड के जैक ड्राइडन को हराकर फाइनल में जगह बनाई। 70 किग्रा में दीपक ने कजाकिस्तान के वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स के रजत पदक विजेता नुरबेक मुरसल के खिलाफ पहले ही राउंड में आरएससी से जीत दर्ज कर सभी का ध्यान खींचा। वहीं 75 किग्रा में आकाश और 80 किग्रा में अंकुश ने भी कजाक प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर गोल्ड मेडल मुकाबले में प्रवेश किया। कुल मिलाकर भारत शनिवार को होने वाले फाइनल मुकाबलों में सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व करने वाला देश है। भारत के बाद कजाकिस्तान (11), यूक्रेन (5) और मेजबान स्पेन (4) के मुक्केबाज फाइनल में उतरेंगे। भारत को कम से कम एक स्वर्ण पदक तो पक्का मिल चुका है, जबकि कई वर्गों में गोल्ड जीतने की प्रबल उम्मीद है। सेमीफाइनल में हार के बावजूद कुछ भारतीय मुक्केबाजों ने कांस्य पदक अपने नाम किए। महिलाओं में प्रांजल यादव (65 किग्रा), काजल (65 किग्रा), सनमाचा चानू (75 किग्रा) और मनकीरत कौर (80+ किग्रा) को कांस्य मिला। पुरुष वर्ग में जादुमणि सिंह (55 किग्रा), मोहम्मद हुस्सामुद्दीन (60 किग्रा) और हितेश गुलिया (70 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता।

# एशियन चैंपियनशिप 2026: एलावेनिल ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता स्वर्ण, मेघना को कांस्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की स्टार निशानेबाज़ एलावेनिल वलारिवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन चैंपियनशिप 2026 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर अपना खिताब बरकरार रखा। वहीं, मेघना सज्जनार ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। यह मुकाबला शनिवार को डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में खेला गया। एलावेनिल ने फाइनल में 252.0 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। जापान की मिसाकी नोबाटा 251.5 अंकों के साथ रजत पदक पर रहीं, जबकि मेघना सज्जनार ने 229.5 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। यह एलावेनिल का 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में तीसरा एशियन चैंपियनशिप स्वर्ण पदक है। भारत की ही आर्या बोर्से (209.0) भी फाइनल में पहुंचीं, लेकिन वह चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं। क्वालिफिकेशन राउंड में एलावेनिल (633.7), आर्या बोर्से (630.3) और मेघना सज्जनार (628.6) की तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी दिलाया। तीनों का संयुक्त स्कोर 1892.6 रहा, जो इस इवेंट में सर्वश्रेष्ठ रहा। इसके अलावा श्रेया अग्रवाल (632.0) और सोनम उत्तम मस्कर (631.9) ने भी क्वालिफिकेशन राउंड में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। श्रेया तीसरे और सोनम चौथे स्थान पर रहीं, हालांकि रैंकिंग पॉइंट्स के लिए खेल रही होने के कारण वे फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। एशियन चैंपियनशिप के इस संस्करण में अब तक भारत का प्रदर्शन शानदार रहा है। सीनियर वर्ग में भारतीय निशानेबाज़ अब तक छह स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीत चुके हैं, जिससे पदक तालिका में भारत की स्थिति मजबूत बनी हुई है।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 : उलटफेर का शिकार होने से बचा पाकिस्तान, नीदरलैंड्स को 3 विकेट से हराया

**एजेंसी, कोलंबो (श्रीलंका)**



आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को नीदरलैंड्स के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हालांकि ऑलराउंडर फहीम अशरफ की सूझबूझ भरी पारी की बदौलत टीम ने बड़ा उलटफेर टालते हुए मैच 3 विकेट से अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला शनिवार को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड्स की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। माइकल लेविट (15 गेंदों में 24 रन) ने पावरप्ले में शानदार शॉट्स लगाए और टीम को 6 ओवर में 50/2 तक पहुंचाया। हालांकि, उन्हें मोहम्मद नवाज ने आउट कर दिया। 10 ओवर के बाद नीदरलैंड्स का स्कोर 79/3 था और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (37) तथा बास डे लीडे (30) टीम को मजबूत स्कोर की ओर ले जाते दिख रहे थे। 15 ओवर में स्कोर 123/4 हो चुका था और ऐसा लग रहा था कि नीदरलैंड्स 170 से ऊपर का स्कोर बना लेगा, लेकिन यहीं से मैच का रुख बदल गया। पाकिस्तानी स्पिनरों ने जबरदस्त वापसी की। अबरार अहमद (2/23) और साइम अयूब (2/7) की घातक गेंदबाजी के सामने नीदरलैंड्स की बल्लेबाजी बिखर गई। टीम ने आखिरी 6 विकेट सिर्फ 20 रन के भीतर गंवा दिए और 19.5 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। 148 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी दमदार रही। साइम अयूब (24) ने दूसरे ओवर में लगातार तीन चौके जड़े, जबकि साहिबजादा फरहान ने शानदार अंदाज में 31 गेंदों पर 47 रन बनाए। 98/2 के स्कोर पर पाकिस्तान की जीत लगभग तय नजर आ रही थी, लेकिन इसके बाद मैच में जबरदस्त नाटकीय मोड़ आया। पाकिस्तान ने महज 2 रन के भीतर साहिबजादा फरहान, उस्मान खान और बाबर आजम के विकेट गंवा दिए और स्कोर 105/5 हो गया। इसके बाद मोहम्मद नवाज और शादाब खान भी पवेलियन लौट गए और टीम 114/7 पर संकट में फंस गई। अंतिम दो ओवरों में पाकिस्तान को 29 रन चाहिए थे। ऐसे मुश्किल हालात में फहीम अशरफ ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 19वें ओवर में लोगन वैन बीक की गेंदों पर 24 रन बटोरकर मैच का पासा पलट दिया। इसके बाद अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर विजयी चौका लगाकर पाकिस्तान को जीत दिलाई। नीदरलैंड्स के मजबूत प्रदर्शन के बावजूद पाकिस्तान को राहत की सांस मिली और टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ की। खास बात यह भी रही कि यह मुकाबला ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान ने ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ होने वाले मैच के बहिष्कार की घोषणा की है।

## व्यापार

# भारत–अमेरिका व्यापार समझौते से किसानों को कोई नुकसान नहीं : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली**। भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा जारी होने के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यहां कहा कि यह हमारी साझेदारी की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दर्शाती है। इस समझौते से किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा, कृषि उत्पादों को अमेरिका में शून्य-शुल्क पहुंच मिलेगा। गोयल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में अमेरिका के साथ हुए इस समझौते पर भारत सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने की दिशा में यह समझौता अहम साबित होगा। यह समझौता उन एमएसएमई के लिए एक बड़ा कदम है, जो बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं को रोजगार देते हैं। गोयल ने बताया कि चाय, कॉफी से लेकर स्मार्टफोन, केला, अमरूद और आम तक पर शून्य टैरिफ' लगेगा। गोयल ने कहा, "अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भविष्य को सामने रखकर दोनों देशों के संबंधों को देखते हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते की चर्चा की थी। उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा...आने वाले दिनों में हमारे निर्यातकों के लिए अवसर खुलते हैं। जिस प्रकार से हमारे किसानों के हितों का संरक्षण किया गया है, किसानों, डेयरी का पूर्णतः संरक्षण किया गया है...इस समझौते का देश के कोने-कोने में स्वागत हुआ है।" केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत, अमेरिका से सेब के आयात पर कोटा-आधारित शुल्क रियायत देगा, जिसके लिए न्यूनतम आयात मूल्य 80 रुपये प्रति किलोग्राम तय किया गया है। भारत ने अमेरिका को एल्कोहल पेय, सौंदर्य उत्पाद, चिकित्सा उपकरण जैसे क्षेत्रों में शुल्क छूट दी है। अमेरिका के साथ समझौता किसानों, एमएसएमई और हस्तशिल्प क्षेत्र के हितों को प्रभावित नहीं करेगा। वाणिज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत ने किसी भी डेयरी उत्पाद, चीनी और मोटे अनाज पर अमेरिका को कोई भी शुल्क छूट नहीं दी है। भारत ने अमेरिका को एल्कोहल पेय, सौंदर्य उत्पाद, चिकित्सा उपकरण जैसे क्षेत्रों में शुल्क छूट दी है। अमेरिका के साथ समझौता किसानों, एमएसएमई और हस्तशिल्प क्षेत्र के हितों को प्रभावित नहीं करेगा।इस समझौते में भारतीय किसानों के हितों को सुरक्षित रखा गया है। जो हमारे किसान भारत में बनाते हैं, उनके उपजाए गए अनाजों पर अमेरिका में टैरिफ शून्य हो जाएगा। वहीं, कई ऐसे सामान हैं, जिसे अमेरिका शून्य करेगा। गोयल ने कहा कि जेनेरिक ड्रग्स, ऑटो पार्ट्स पर भी टैरिफ को भी अमेरिका द्वारा शून्य किया जाएगा। गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच 500 अरब डॉलर (करीब 45.28 लाख करोड़ रुपये) के व्यापार समझौते के लिए एक अंतरिम ढांचे पर सहमति बन गई है। यह समझौता न केवल दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों में एक नया अध्याय है, बल्कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में पैठ बढ़ाने का एक बड़ा मौका भी है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से कपड़ा और कपड़ों, चमड़े और फुटवियर, खिलौनों और रत्न और आभूषण जैसे लेबर इंटेंसिव क्षेत्र से अमेरिका को होने वाले निर्यात में बढ़ोतरी होने से लाखों नौकरियां पैदा होंगी। इसके साथ ही घरेलू विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। गोयल ने कहा कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते से हमारे निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था मोस्ट प्रीफर्ड ड्यूटी के साथ खुलती है। कल देर रात जो भारत-अमेरिका के बीच संयुक्त बयान तय हुआ, दुनिया के सामने रखा गया, इसका हर तरफ स्वागत हुआ है। गोयल ने कहा कि आज का दिन विकसित भारत 2047 की राह में एक महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने अंतरिम व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक वार्ता फरवरी 2025 में शुरू हुई थी, जिसका लक्ष्य प्रति वर्ष 500 अरब डॉलर का निर्यात कारोबार हासिल करना था।

# अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव

**भारतीय शेयर बाजार ने ट्रेड डील और बजट के असर के चलते उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन दर्ज किया**




**मुंबई**। भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन देखा, जिसमें व्यापार समझौते और बजट के प्रभाव ने निवेशकों की भावना पर बड़ा असर डाला। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को लाल निशान पर हुई, लेकिन ब्लू-चिप कंपनियों में मजबूती और मूल्य-खरीदारी ने सेंसेक्स और निफ्टी को सकारात्मक रुख अपनाने के लिए प्रेरित किया। बीएसई सेंसेक्स 302 अंक की बढ़त के साथ 81,024.94 पर पहुंचा, जबकि एनएसई निफ्टी 59.25 अंक बढ़कर 24,884.70 पर बंद हुआ। रुपया भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 37 पैसे मजबूत होकर 91.56 पर आ गया। मंगलवार को भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की घोषणा ने बाजार में उत्साह भर दिया। सेंसेक्स ने दिन में 4,205.27 अंक की छलांग लगाते हुए 85,871.73 के उच्चतम स्तर को छुआ और अंततः 2,072.67 अंक बढ़कर 83,739.13 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 682 अंकों की तेजी के साथ 25,770.40 पर बंद हुआ। यह सप्ताह का सबसे जोरदार रुख रहा, जिससे निवेशकों की विश्वास में स्पष्ट बढ़त देखने को मिली। सप्ताह के मध्य बुधवार को बाजार मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 78.56 अंक बढ़कर 83,817.69 पर और निफ्टी 48.45 अंक बढ़कर 25,776 पर बंद हुआ। हालांकि गुरुवार को बाजार फिर लाल निशान में आ गया, सेंसेक्स 503.76 अंक गिरकर 83,313.93 और निफ्टी 133.20 अंक गिरकर 25,642.80 पर बंद हुए। यह गिरावट कुछ हद तक अमेरिकी बाजारों में कमजोरी और तकनीकी सुधार की वजह से आई। सप्ताह के अंत में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में कमजोरी के बावजूद बाजार ने रिकवरी की। सेंसेक्स 266.47 अंक की बढ़त के साथ 83,580.40 पर और निफ्टी 50.90 अंक की तेजी के साथ 25,693.70 पर बंद हुआ। कुल मिलाकर इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने अमेरिका-भारत व्यापार समझौते और बजट के असर के चलते उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन दर्ज किया। निवेशकों की निगाहें अब अगले सप्ताह के आर्थिक संकेतकों और वैश्विक बाजार की दिशा पर टिकी हैं, जिससे बाजार की स्थिरता और रुझान तय होने की संभावना है।

# बजाज ऑटो ने टू–व्हीलर मार्केट में किया जबरदस्त प्रदर्शन



**नई दिल्ली**। भारत के दोपहिया वाहन बाजार में बजाज ऑटो लिमिटेड ने भी जबरदस्त प्रदर्शन किया। बजाज ऑटो कंपनी की जनवरी 2026 में कुल बिक्री 4,77,422 यूनिट्स रही, जो पिछले साल जनवरी में 3,81,040 यूनिट्स थी। यह आंकड़ा सालाना आधार पर 25 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाता है और बजाज के लिए इस साल की बेहतरीन शुरुआत साबित हुआ। बजाज ऑटो की घरेलू बिक्री जनवरी में 2,61,975 यूनिट्स रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 2,08,359 यूनिट्स थी, जो 26 फीसदी ज्यादा है। टू-व्हीलर सेगमेंट में कंपनी को घरेलू बाजार में 2,14,727 यूनिट्स की बिक्री मिली, जो पिछले साल जनवरी के 1,71,299 यूनिट्स की तुलना में 25 फीसदी अधिक है। वहीं, टू-व्हीलर का एक्सपोर्ट भी बढ़ा और जनवरी 2026 में यह 1,91,568 यूनिट्स रहा, जो पिछले साल जनवरी के 1,57,114 यूनिट्स की तुलना में 22 फीसदी अधिक है। कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में भी कंपनी का प्रदर्शन शानदार रहा। जनवरी 2026 में कुल कमर्शियल व्हीकल की बिक्री 71,127 यूनिट्स रही, जो पिछले साल इसी महीने के 52,627 यूनिट्स की तुलना में 35 फीसदी बढ़ोतरी दर्शाती है। घरेलू बाजार में कमर्शियल व्हीकल की बिक्री 47,248 यूनिट्स रही, जबकि एक्सपोर्ट 23,879 यूनिट्स रहा, जो पिछले साल के 15,567 यूनिट्स से 53 फीसदी ज्यादा है। बजाज ऑटो की यह बढ़ोतरी उसके मजबूत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और बाजार में लगातार मांग को दर्शाती है। कंपनी की टू-व्हीलर और कमर्शियल व्हीकल दोनों ही सेगमेंट में शानदार प्रदर्शन ने उसे नए साल की शुरुआत में ही सफलता की दिशा में अग्रणी बना दिया है। बता दें कि नए साल 2026 की शुरुआत ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए शानदार रही है।

# नई एसयूवी सिएरा की लगातार बढ़ रही है बुकिंग



**नई दिल्ली**। शानदार डिजाइन और स्मार्ट फीचर्स की वजह से टाटा मोटर्स की नई एसयूवी सिएरा ग्राहकों की बुकिंग लगातार बढ़ रही है। डिमांड इतनी ज्यादा है कि कंपनी ने प्रोडक्शन बढ़ा दिया है ताकि जल्दी डिलीवरी दी जा सके। टाटा मोटर्स की नई एसयूवी सिएरा लॉन्च के बाद से ही जबरदस्त लोकप्रिय हो गई है। इस एसयूवी की खासियत इसके मल्टी पावरट्रेन विकल्प हैं, जिसमें पेट्रोल, टर्बो-पेट्रोल और डीजल शामिल हैं। एक्स-शोरूम कीमतें 11.49 लाख से लेकर 21.29 लाख रुपए तक हैं। हाल ही में ऑटोकार इंडिया ने सिएरा डीजल ऑटोमैटिक का रियल-वर्ल्ड माइलेज टेस्ट किया। इसमें 1.5-लीटर डीजल इंजन लगा है, जो 118एचपी और 280एनएम पावर देता है। यह वही यूनिट है जो नेक्सन में भी है, लेकिन आउटपुट में थोड़ा सुधार किया गया है। सिएरा में 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन है। टेस्ट में सिटी ड्राइविंग में इसने 11.53 किलोमीटर प्रति लीटर और हाईवे पर 14.56 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज दिया। इसका एवरेज रियल-वर्ल्ड माइलेज 13.05 किलोमीटर प्रति लीटर रहा, जबकि कंपनी का दावा 18-20 केएमपीएल था। सिएरा में नए 1.5-लीटर जीडीआई टर्बो पेट्रोल, 1.5-लीटर एनए पेट्रोल और 1.5-लीटर डीजल इंजन विकल्प उपलब्ध हैं। ट्रांसमिशन विकल्पों में 6-स्पीड एमटी, 6-स्पीड एटी, 7-स्पीड डीसीटी और ऑटोमैटिक शामिल हैं। एसयूवी के केबिन में ट्रिपल-स्क्रीन लेआउट, 12-स्पीकर जेबीएल साउंड सिस्टम, एचयूडी, डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल और कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी दी गई है। सुरक्षा के लिए सभी वर्जन में 6 एयरबैग, एबीएस के साथ ईबीडी, स्टेबिलिटी प्रोग्राम और इसोफिक्स चाइल्ड सीट माउंटिंग मिलती है। सिएरा की लंबाई 4.6 मीटर और व्हीलबेस 2.7 मीटर है। इसके रियल-वर्ल्ड माइलेज और फीचर्स की वजह से सिएरा एसयूवी सेगमेंट में तेजी से लोकप्रिय हो रही है और ग्राहकों के बीच हिट साबित हो रही है। डिजाइन हाइलाइट्स में बॉक्सी सिल्हूट, अल्पाइन ग्लास रूफ, 19-इंच एलॉय व्हील्स, फुल-एलईडी लाइट पैकेज और सिग्नेचर टाटा ग्रिल शामिल हैं।

# एसबीआई का मुनाफा तीसरी तिमाही में 13 फीसदी बढ़कर 21,317 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली**। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। एसबीआई ने शनिवार को कहा कि 31 दिसंबर को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसका मुनाफा 13.06 फीसदी बढ़कर 21,317 करोड़ रुपये रहा। बैंक को पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 18,853 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। एसबीआई ने बयान में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक ने 21,137 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एकल आधार पर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 24.48 फीसदी बढ़कर 21,028 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 16,891 करोड़ रुपये रहा था। देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर कुल आय बढ़कर 1,40,915 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 1,28,467 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक का कुल खर्च 1,04,917 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,08,052 करोड़ रुपये हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) का अनुपात 31 दिसंबर 2025 तक बेहतर होकर 1.57 फीसदी रहा, जो सितंबर 2025 में 1.73 फीसदी था। वहीं, बैंक का कुल प्रावधान 4,507 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 911 करोड़ रुपये रहा था।

# आलिया भट्ट ने दृश्यम 2 निर्देशक अभिषेक पाठक से मिलाया हाथ



अभिनेत्री आलिया भट्ट आगामी फिल्म एल्फा को लेकर चर्चा में हैं जो इसी साल रिलीज होगी। खबर है कि उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए कमर कस ली है। अभिनेत्री एक हाई-वोल्टेज ड्रामा प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं, जिसके लिए उन्होंने निर्देशक अभिषेक पाठक से हाथ मिलाया है। इस फिल्म का शीर्षक हाउसवाइफ होगा और आलिया को एक विवाहित महिला का किरदार निभाते देखा जाएगा। बता दें, अभिषेक ने अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 का निर्देशन किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हाउसवाइफ नाम वाली इस फिल्म की कहानी एक



विवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमेगी जिसमें आलिया एक गृहणी के किरदार में होंगी। फिल्म में मुख्य पुरुष किरदार के लिए राजकुमार राव से बातचीत चल रही है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी दिलचस्प तो दिखाई है, लेकिन अभी तक कोई कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया है। अगर राजकुमार हामी भरते हैं, तो पहली बार फिल्मी पर्दे पर आलिया और राजकुमार की जोड़ी दिखाई देगी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि आलिया हाउसवाइफ में सिर्फ अभिनय नहीं करेंगी, बल्कि अपनी कंपनी एटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंस और पैनोरमा स्टूडियोज के सहयोग से सह-निर्माता भी होंगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त या सितंबर, 2026 के बीच शुरू होने की संभावना है। तब तक निर्देशक दृश्यम 3 की शूटिंग पूरी कर लेंगे जिसके जरिए अजय की दमदार वापसी होगी। फिलहाल, आलिया लव एंड वार में व्यस्त चल रही हैं, जिसमें उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी हैं।

# धुरंधर 2 और टॉक्सिक से डरी पेड्डी? अब 30 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी राम चरण की फिल्म

तेलुगु सुपरस्टार राम चरण के फैंस के लिए गुड न्यूज हैं. राम चरण की आगामी एक्शन स्पोर्ट्स ड्रामा पेड्डी की नई रिलीज डेट आ गई है. मेकर्स ने फिल्म के नए पोस्ट के साथ नई रिलीज डेट से पर्दा हटाया है. फिल्म की रिलीज डेट को अप्रैल तक टाल दिया गया है. डायरेक्टर बुची बाबू सना की बेसब्री से इंतजार की जा रही फिल्म पेड्डी के मेकर्स ने बुधवार को अनाउंस किया कि यह जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर फिल्म अब इस साल अप्रैल में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. मेकर्स ने आगामी फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए बताया कि यह फिल्म अब 30 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. वहीं, राम चरण ने भी पेड्डी की नई रिलीज डेट के बारे में जानकारी देने के लिए अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है और कैप्शन मे लिखा है, पेड्डी आपसे 30 अप्रैल, 2026 को मिलेंगी. याद दिला दें कि फिल्म के मेकर्स ने पहले अनाउंस किया था कि फिल्म इस साल 27 मार्च



को रिलीज होगी. लेकिन अब यह 30 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.मार्च में बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिनमें से दो बड़ी फिल्में लोगों का ध्यान खींच रही है- पहली रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 और एक्टर यश की टॉक्सिक. ये दोनों फिल्म 19 मार्च को सिनेमाघरों में एक-दूसरे को टक्कर देने उतरेगी. माना जा रहा है कि इन दोनों फिल्मों के टकराव से बचने के लिए मेकर्स ने पेड्डी की डेट आगे बढ़ाने का फैसला किए होंगे. बता दें पेड्डी की यूनिट ने पिछले साल दिसंबर के आखिरी हफ्ते में अपना दिल्ली शेड्यूल पूरा कर लिया था. जाने-माने सिनेमैटोग्राफर रत्नावेलु ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर दिल्ली के सेट से तस्वीरें पोस्ट की थीं. उन्होंने यह भी बताया था कि यूनिट ने दिल्ली शेड्यूल को शानदार तरीके से पूरा कर लिया है. पेड्डी में राम चरण और जाह्नवी कपूर के अलावा शिव राजकुमार, जगपति बाबू और दिव्येंदु शर्मा भी अहम भूमिकाओं में हैं. यह फिल्म वृद्धि सिनेमाज, मैत्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस की गई है. ए.आर. रहमान ने इस फिल्म में म्यूजिक दिया है.

# मोनालिसा की फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर का पहला लुक आया सामने, दिखी पुरानी वाली मासूमियत, मूवी को लेकर दी नया अपडेट

महाकुंभ 2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच एक साधारण सी लड़की अचानक चर्चा का केंद्र बन गई थी नाम था मोनालिसा। माला बेचते हुए उनकी सादगी और खूबसूरती ने लोगों का ध्यान खींचा और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गए। कैमरों और रील्स के बीच खड़ी मोनालिसा की जिंदगी ने यहीं से एक नया मोड़ ले लिया। महाकुंभ के दौरान फिल्ममेकर सनोज मिश्रा की नज़र मोनालिसा पर पड़ी। उनकी सादगी और मासूमियत ने डायरेक्टर को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने मोनालिसा को अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया। यहीं से मोनालिसा का सफर मेले से फिल्मों की दुनिया की ओर बढ़ा। अब मोनालिसा अपनी पहली बड़ी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर  की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। इस फिल्म में वह अभिनेता अमित राव के साथ नजर आएंगी, जो राजकुमार राव के भाई हैं। फिल्म के पूरा होने के साथ ही मोनालिसा का आत्मविश्वास भी साफ तौर पर झलकने लगा है। महाकुंभ के लगभग एक साल बाद मोनालिसा एक बार फिर प्रयागराज लौट रही हैं। इस बार वह माघ मेले में माला बेचने के लिए नहीं, बल्कि एक उभरती हुई बॉलीवुड अभिनेत्री के रूप में पहुंचेंगी। उनके लिए यह वापसी भावनात्मक भी है और ऐतिहासिक भी। सनोज मिश्रा, जो 'गांधीगीरी  और 'शशांक  जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, अब अपनी पूरी टीम के साथ माघ मेले में शामिल होने जा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने प्रयागराज पहुंचेगी, जिससे इस सफर को एक आध्यात्मिक पूर्णता मिलेगी। डायरेक्टर के मुताबिक, 'द डायरी ऑफ मणिपुर  की शूटिंग कई चरणों में पूरी की गई। पहले शेड्यूल की शूटिंग उत्तर प्रदेश के इटावा में हुई, फिर टीम मणिपुर पहुंची, जहां अलग-अलग लोकेशन्स पर अहम सीन फिल्माए गए। इसके बाद नेपाल में एक शेड्यूल पूरा किया गया और फिल्म का बड़ा हिस्सा देहरादून में शूट हुआ। पिछले हफ्ते फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली गई। डायरेक्टर ने बताया कि मोनालिसा को अभी भी भाषा और उच्चारण में दिक्कत आती है। इसी वजह से फिल्म में उनके किरदार के लिए डबिंग का इस्तेमाल किया गया है। हालांकि इसके बावजूद उनकी एक्टिंग को लेकर डायरेक्टर बेहद संतुष्ट हैं और मानते हैं कि वह पूरी तरह से अपने रोल में ढल चुकी हैं। फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर  मणिपुर की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें हिंसा और संघर्ष के माहौल के बीच पनपती एक प्रेम कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म में मोनालिसा एक नॉर्थ इंडियन लड़की का किरदार निभा रही हैं। एक साधारण मेले से शुरू हुआ यह सफर अब सिनेमा के बड़े पर्दे तक पहुंच चुका है और मोनालिसा की कहानी अभी बस शुरुआत है।




# योगी दा में बिना किसी बॉडी डबल के सभी स्टंट मैंने खुद किए : साई धनशिका

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री साई धनशिका अपनी अपकमिंग फिल्म योगी दा की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। साई फिल्म में एक्शन करती नजर आएंगी। उन्होंने बताया कि फिल्म योगी दा में सभी स्टंट खुद किए हैं।उन्होंने बताया कि बिना किसी बॉडी डबल के एक्शन सीन पूरे किए महिलाएं चाहें तो पुरुषों जितने शानदार स्टंट कर सकती हैं। एक इवेंट में साई धनशिका ने बताया, मैंने पहली बार पेरानमाई में एक्शन किया था और वह अनुभव आज भी मेरी मदद करता है। योगी दा में हर स्टंट सीन मैंने खुद किए हैं, बिना किसी बॉडी डबल के। अगर महिलाएं मन बना लें, तो वे पुरुषों की तरह ही अच्छे स्टंट कर सकती हैं।उन्होंने फिल्म के संदेश पर जोर देते हुए कहा, आज महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। समाज अक्सर सोचता है कि एक बार अगर कोई महिला शारीरिक रूप से घायल हो जाए, तो वह फिर कभी खड़ी नहीं हो सकती। लेकिन योगी दा दिखाती है कि वह इससे उबर सकती है और मजबूत होकर वापस आ सकती है। हमने यह फिल्म महिलाओं के लिए, उनकी पूरी क्षमता दिखाने के लिए बनाई है।साई धनशिका ने फिल्म के टाइटल की रोचक कहानी भी साझा की। उन्होंने कहा कि योगी दा का नाम सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कबाली से प्रेरित है। मैंने कबाली में रजनीकांत सर की बेटी का किरदार




निभाया था, जिसका नाम योगी था। इसी से योगी दा की शुरुआत हुई। हमने कबाली के लुक और एक्शन स्टाइल में समानताएं देखीं, इसलिए यह नाम चुना। कबाली के लिए मैंने असल में अपने बाल कटवाए थे, लेकिन इस फिल्म के लिए विग का इस्तेमाल किया। कबाली के बाद कई महिलाओं ने मेरे किरदार से प्रेरित होकर बाल कटवाए थे। तब मुझे एहसास हुआ कि एक फिल्म लोगों पर कितना गहरा असर डाल सकती है।एक्ट्रेस ने अपनी पूरी टीम को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा, मेरी पूरी टीम को बहुत-बहुत शुक्रिया। यह आप सबके बिना संभव नहीं होता। मैं मानती हूं कि ज्यादा बोलने से बेहतर है कि काम बात करे, जो मेहनत फिल्मों में दिखती है। योगी दा एक एक्शन एंटरटेनर है, जिसे गौतम कृष्णा ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म का निर्माण श्री मोनिका सिनी फिल्म्स के बैनर तले सेंथिलकुमार ने किया है। एक्शन से भरपूर फिल्म में साई धनशिका लीड रोल में हैं। यह फिल्म 6 फरवरी को रिलीज होने वाली है।




# नेशनल अवॉर्ड विजेता विक्रांत मैसी बनें प्रोड्यूसर, लव स्टोरी फिल्म मुसाफिर कैफे से करेंगे धमाका

नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता विक्रांत मैसी, जो अपनी शानदार एक्टिंग और कंटेंट-फुल फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, अब अपनी क्रिएटिव जर्नी में नया कदम रख रहे हैं. वह अपनी आने वाली फिल्म मुसाफिर कैफे के साथ प्रोड्यूसर बन रहे हैं. अपनी पीढ़ी के बेहतरीन एक्टर्स में गिने जाने वाले मैसी हमेशा ऐसी कहानियां चुनते हैं जो भावनात्मक, सामाजिक और इंसानी हों, इसलिए प्रोडक्शन में कदम रखना उनके लिए बिलकुल नेचुरल है. मुसाफिर कैफे के साथ विक्रांत मैसी कहानी के हर पहलू में खुद को और करीब से जोड़ना चाहते हैं और ऐसी कहानियों को सामने लाना चाहते हैं जो ईमानदार, जमीन से जुड़ी और असली जिंदगी के अनुभवों पर आधारित हों. यह रोमांटिक ड्रामा दिव्या प्रकाश दुबे के उपन्यास पर आधारित है, जो इसकी कहानी और भावनाओं को और मजबूत बनाता है. अपने करियर के इस नए और खास अध्याय के बारे में बात करते हुए विक्रांत ने कहा, यह मौका मेरे लिए बिलकुल सही लगा, इतने शानदार क्रिएटर्स और टैलेंट के साथ काम करना और एक ऐसे क्षेत्र में कदम रखना जो उतना ही रोमांचक और ईमानदार लगता है। यह यात्रा अभी शुरू ही हुई है, और मुझे जो भरोसा और प्रोत्साहन मिला उसके लिए मैं सच में बहुत आभारी हूं. मुसाफिर कैफे प्यार, हीलिंग और खुद को समझने जैसी बातें दिखाता है और अपनी भावनाओं और असलियत के जरिए दर्शकों को जोड़ना चाहता है. यह दिखाता है कि मैसी सिर्फ अच्छी कहानियों में एक्ट नहीं करना चाहते, बल्कि उन्हें पीछे से सपोर्ट और शेप भी करना चाहते हैं. प्रोड्यूसर बनकर वह ऐसी फिल्मों के लिए अपनी कमिटमेंट दिखा रहे हैं, जो मजबूत कहानी, अलग अंदाज़ और असरदार स्टोरीटेलिंग पर ध्यान देती हैं. मुसाफिर कैफे विक्रांत मैसी के लिए एक नए क्रिएटिव चैप्टर की शुरुआत है और उन्हें एक ऐसे स्टोरीटेलर के रूप में पेश करता है जो सोच-समझकर, लंबे समय तक असर रखने वाली फिल्में बनाना चाहते हैं, जो दर्शकों से गहरा कनेक्शन बना सकें. इसके बाद वह इंटरनेशनल थ्रिलर बायोपिक व्हाइट में नजर आएंगे, जिसमें वे स्पिरिचुअल लीडर गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का रोल निभाएंगे.



# फिल्म इक्का का टीजर जारी, ओटीटी पर सुनाई देगी सनी देओल की दहाड़, अक्षय खन्ना की दमदार वापसी

सनी देओल और अक्षय खन्ना अपनी-अपनी फिल्मों बॉर्डर 2 और धुरंधर की सफलता का जश्न मना रहे हैं। अब दोनों एक साथ ह्न्ज्न्ज पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म इक्का का टीजर जारी कर दिया गया है, जिसे देखकर फैंस का उत्साह चरम पर है। सिद्धार्थ पी मल्होत्रा द्वारा निर्देशन फिल्म में, सनी एक हाई प्रोफाइल वकील के किरदार में हैं, वहीं धुरंधर के बाद अक्षय को फिर से नकारात्मक किरदार निभाते दिखाया गया है। इक्का का टीजर जारी करते हुए लिखा गया, खून या खून का रिश्ता, किसके हाथ में है इस खेल का इक्का? जल्द नेटफ्लिक्स पर। टीजर में सनी हर बार की तरह दमदार लगे हैं। एक दृश्य में वो अक्षय को जोरदार थप्पड़ भी मारते हैं। दीया मिर्जा, तिलोत्तमा शोम, संजीदा शेख, ज्योति मुखर्जी, शिशिर शर्मा और आकांक्षा रंजन भी सीरीज



का हिस्सा हैं। सीरीज का निर्माण मल्होत्रा और सपना मल्होत्रा ने एल्केमी फिल्म्स के बैनर तले किया है। सनी ने इस टीजर में सिर्फ एक डायलॉग शट अप बोला है। टीजर में अक्षय खन्ना की झलक भी देखने को मिली है। उनका अंदाज़ भी लोगों का ध्यान खींच रहा है। सनी देओल के साथ उनका तीखा आमना-सामना दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। अक्षय खन्ना का भी एक डायलॉग है। उन्होंने सिर्फ टिक टिक बूम बोला है। फिल्म इक्का कोर्टरूम ड्रामा है, जिसमें कानून, रिश्ते और नैतिक दुविधाओं की टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म इक्का में सनी देओल और अक्षय खन्ना के अलावा दीया मिर्जा, तिलोत्तमा शोम और संजीदा शेख की झलक भी देखने को मिल रही है। सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा निर्देशित इस फिल्म की रिलीज डेट का अभी तक आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है।

# मुरली कृष्णम राजू और श्रुति शेट्टी की रोमांटिक फिल्म स्काई का ट्रेलर रिलीज, 6 फरवरी को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

आने वाली फिल्म स्काई में मुरली कृष्णम राजू, श्रुति शेट्टी और आनंद लीड रोल में हैं। यह फिल्म वैलोर एंटरटेनमेंट स्टूडियोज़ के बैनर तले नागिरेड्डी गुंटाका, श्रीलक्ष्मी गुंटाका, मुरली कृष्णम राजू और पृथ्वी पेरिचेरला ने प्रोड्यूस की है। इस फिल्म को पृथ्वी पेरिचेरला ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म से एक नए म्यूज़िक डायरेक्टर, शिवा प्रसाद, को इंडस्ट्री में इंट्रोड्यूस किया जा रहा है। स्काई 6 फरवरी को ग्रैंड थिएट्रिकल रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है। स्काई का ट्रेलर आज रिलीज़ हुआ। इसकी शुरुआत दोस्तों के बीच बिताए गए मज़ेदार और खुशनुमा पलों से होती है। हीरो और हीरोइन के बीच दोस्ती के प्यार




में बदलने का सफ़र बहुत खूबसूरती से दिखाया गया है, जिसमें भावनाएं नेचुरल और दिल को छू लेने वाली लगती हैं। ट्रेलर से साफ पता चलता है कि हीरोइन का किरदार मज़बूती और गहराई के साथ डिज़ाइन किया गया है। हीरो की पर्सनल ज़िंदगी का फ्लैशबैक दिल को छू लेने वाला और इमोशनल है। कुछ गलतफहमियों की वजह से लीड जोड़ी की लव स्टोरी में झगड़े होते हैं। कपल कैसे फिर से मिलते हैं, और हीरो के अतीत की कौन सी दुखद घटना, जिसमें उसके पिता शामिल थे, ने उसकी ज़िंदगी को आकार दिया, यह सब सिफ़र् बड़े पर्दे पर ही देखा जा सकता है।

# Metals@Green.in 2026 Drives India's Sustainable Metallurgy Agenda

DB Reporter

Kolkata: The Indian Institute of Metals (IIM), Kolkata Chapter, marked its Diamond Jubilee Year by hosting the Metals@Green.in Conference 2026, bringing together industry leaders, academics, and government experts to accelerate sustainability in India's metallurgical and materials sectors.

Held at Pride Plaza Hotel, Kolkata, the conference focused on critical priorities including carbon reduction, clean technologies, circular economy, waste valorisation, energy efficiency, and sustainable water management. The inaugural session featured eminent dignitaries such as Shri Chaitanya Bhanu, VP Operations, Tata Steel and conference chairman; Shri Rajiv Mangal, VP Safety, Health & Sustainability, Tata Steel; Dr Tanmay Bhattacharyya, Chairman, IIM Kolkata Chapter; Brig Arun Ganguly (Retd), Secretary General, IIM; Prof. Shiv Brat Singh, IIT Kharagpur; Shri Umesh Singh, Executive Director (Mining), Hindustan Copper Ltd.; and Mr Surajit K Datta. They emphasized innovation-driven green transformation in the sector.



Eighteen expert talks were delivered across four technical sessions, featuring participants from Tata Steel, JSW Steel, JSL, Hindalco, AM/NS India, IIT Kharagpur, NIT Rourkela, BIS, Penn State University, and Jadavpur University. Presentations addressed themes such as green ironmaking, clean coal technologies, digitalization, critical minerals, circular materials, e waste recovery, and water neutrality.

A high-level panel discussion on "Collaborative Pathways to a Green India" highlighted the need for strong industry–academia partnerships and robust policies to advance sustainable ironmaking and scrap-based steelmaking technologies. The conference concluded with a valedictory session reaffirming the sector's commitment to a greener and resilient future for Indian metallurgy.

## IFS/IAS appointees can't reappear for 2026 Civil Services exam; IPS can't choose IPS again

NEW DELHI, Agency: In a move aimed at regulating repeated attempts at Civil Services Examination (CSE) by candidates selected for IAS, Indian Foreign Service (IFS) or IPS, the updated rules for the elite recruitment exam bar candidates already appointed to IAS or IFS, from appearing in CSE 2026.

Even if such an appointment happens after 'prelims' 2026, the candidate will not be allowed to write the 'mains' exam or be considered for service from CSE-2026, as per the CSE 2026 rules notified on Wednesday.

A candidate already appointed to IPS from an earlier CSE can apply for and appear in CSE-2026, but cannot relist IPS as his service preference. If a candidate is allocated IPS or any Group 'A' central service through CSE-2026, they will be allowed one improvement attempt in CSE-2027 by using a one-time training exemption. If a candidate selected through CSE-2026 neither joins training nor avails of exemption, his 2026 service allocation shall stand cancelled. Where a candidate selected through CSE-2026 reappears in CSE 2027 and obtains a better service, he must choose between 2026 and 2027 batch. If the candidate does not get any service in 2027 exam, he will be allowed to go back and join the service allocated based on CSE 2026. If the candidate does not join training of the finally chosen service (2026 or 2027), both the allocations shall get cancelled.

After availing one improvement attempt (CSE-2027), the candidate cannot appear in CSE-2028 onwards unless he/she resigns from service.

## Investigate Rs 10,000-cr paddy purchase 'scam': Centre to Punjab

NEW DELHI, Agency: The Centre has asked the Punjab Government to probe the alleged paddy purchase scam during the 2025-26 season.

It is alleged that bogus purchase of paddy worth Rs 6,000 crore to Rs 10,000 crore has taken place in Punjab mandis this year. The allegations have been levelled by a Sangrur-based commission agent-cum-rice mill owner. It is alleged that the commission agents in mandis issued fake J Forms in the name of farmers, who received payments in their accounts. The money was then shared between farmers, commission agents, rice millers and officials of procurement agencies.

Later, cheaper paddy is alleged to have been purchased from outside the state at Rs 600 per quintal below the MSP and passed on as paddy purchased in the state at higher MSP. Following the directions issued to the Punjab Chief Secretary by the Department of Revenue, Union Ministry of Finance, the state government's Department of Food, Civil Supplies and Consumer Affairs has asked all district food and supply controllers (DFSCs) to convene a meeting of their respective allotment committees, probe the matter and submit their reports by February 13. A copy of these directions, issued by the department on January 29, is in the possession of The Tribune. The DFSCs of all districts, in turn, have convened meetings of the allotment committees, beginning Monday.



# ECL Signs Second Escrow Pact to Strengthen MDO Revenue System

DB Reporter

Sanctoria: Eastern Coalfields Limited (ECL) has further strengthened its Mine Developer and Operator (MDO) revenue framework by signing a tripartite Escrow Account Agreement for the Chinakuri Underground (UG) Mine. The agreement was executed with Innovative Mining Projects Pvt. Ltd. (IMPPL) and the State Bank of India (SBI).

The signing, held at ECL Headquarters in Sanctoria, marks the second escrow-based financial arrangement implemented by ECL for an MDO project. The move reflects the company's continued emphasis on robust financial governance and expansion of structured mining operations under the MDO model.

Under the escrow mechanism, proceeds from coal sales through e-auctions will be routed via a dedicated escrow account. This structured approach is aimed at mitigating counterparty risks, ensuring timely financial remittances, enhancing transparency, and enabling uninterrupted mining operations through improved cash-flow discipline.



The agreement was signed on behalf of ECL by Shri Shyam Sunder, General Manager (Finance) In-Charge, and Shri Santanu Chakraborty, Head of Department (Fund) and Technical Secretary to the Director (Finance). IMPPL was represented by its Directors, Shri Navin Tulsyan and Shri Alok Kumar Agarwal. SBI was represented by Shri Subhra Sarkar, Chief Manager, SBI Asansol.

ECL officials said the initiative underscores the company's focus on adopting strong financial systems to support large-scale mining projects, improve accountability, and contribute to India's long-term energy security.

# 'I don't know what will happen to me' Pappu Yadav after arrest in 1995 case

NEW DELHI, Agency: Following his arrest by Patna Police in connection with a 1995 case, Purnea MP Pappu Yadav said he was unsure about what lay ahead or where he was being taken. The arrest came after high drama at his Patna residence, where police arrived to take him into custody.

Speaking to reporters, Yadav said he was unwell and expressed fears over his safety. "I am not well... I don't know what will happen with me," he said.

Ahead of the arrest, Yadav told ANI that he feared the police might harm him and insisted that he wanted to be taken directly to court instead of a police station. He said the court had summoned him the next day and suggested that house arrest could have been considered. He also questioned the police for arriving in civil clothes, saying he initially thought they had come to kill him. Referring to the case, he noted that it was registered nearly 35 years ago and questioned the need for his arrest at this stage. "I have doubt that these people might have killed me. I will go straight to the Court. I will not go to the police station. If they want, they can house arrest me. The Court has called me. Police reached here in civil uniform like criminals. I thought they had come to kill me. Is this a criminal's house? There was a case registered around 35 years ago, and the police came to arrest me in connection with that case," Pappu Yadav said. Later, the Independent MP was admitted to IGIMS hospital following health concerns. Patna SP City Bhanu Pratap Singh said the case was registered under the old Indian Penal Code, which has since been replaced by the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS). He said the case involves Sections 419, 420, 468, 448, 506 and 120B and is linked to the Gardanibagh police station.



## 2 Class XII girls seek help to stop forced marriages in Rajasthan's Bundi

NEW DELHI, Agency: Two girls, studying in Class 12, have reached out to authorities in Rajasthan's Bundi district to stop their marriages, scheduled for February 10, officials said on Saturday. A 17-year-old girl approached the office of Talera Deputy Superintendent of Police (DSP) Rajesh Tailer on Friday, seeking assistance to stop her proposed marriage.In response, Tailer initiated the process of issuing a prohibitory order. The girl's parents and family members were summoned to the office, where they were informed about the legal provisions related to child marriage and its consequences. Bundi Child Welfare Committee (CWC) chairperson Seema Poddar said a prohibitory order will be issued, preventing the girl's parents from conducting her marriage until she turns 18. The girl has been sent to a government shelter home for her safety.



In a similar case, a 16-year-old girl approached the CWC on Monday to halt her proposed marriage, also scheduled for February 10. The girl, studying in Class 12 through open schooling, was to be married to a 20-year-old man from Bhilwara district. Upon learning that their daughter had informed the authorities, the girl's parents attempted to advance the marriage to February 9 and also tried to relocate her. However, with swift action from the CWC, in coordination with Childline and the police, the girl was traced and taken into protective custody.

# 'Deluding itself': MEA after Pakistan blames India for blast at Islamabad's Shia meeting hall

NEW DELHI, Agency: India on Friday strongly rejected Pakistan's allegations linking New Delhi to the suicide bomb attack at a Shia mosque in Islamabad. MEA called the claims "baseless and pointless" accusing Pakistan of choosing "to delude itself" by blaming others for its internal problems.

At least 31 people were killed and more than 169 injured after a suicide bomber blew himself up during Friday prayers at the Khadijatul Kubra mosque-cum-imambargah in the Tarlai area of Pakistan's federal capital, police sources told news agency PTI.

Responding to accusations made by Pakistani leaders, ministry of external affairs spokesperson Randhir Jaiswal said India unequivocally rejected any suggestion of its involvement.



"The bombing at an Islamabad mosque earlier today is condemnable and India condoles the loss of life it has caused," Jaiswal said.

"It is unfortunate that, instead of seriously addressing the problems plaguing its social fabric, Pakistan should choose to delude itself by blaming others for its home-grown ills. India rejects any and every such allegation, which is as baseless as it is pointless," he added in a statement posted on X.

The remarks came after Pakistan's defence minister Khawaja Asif claimed that India and Afghanistan were involved in the attack, without presenting any evidence.

In a social media post, Asif said, "It has been proved the terrorist involved in the attack travelled to and from Afghanistan. The collusion between India and Afghanistan is being revealed."

Asif said security guards at the Imambargah confronted the attacker, who opened fire before blowing himself up.

"He then blew himself up, standing in the last row of worshippers," he claimed, adding that the state would respond to this "cruelty with full force".

Pakistan's minister of state for interior Tallal Chaudhry later told the media that while the attacker was not an Afghan national, forensic analysis had established how many times he had travelled to Afghanistan.

"They (terrorists) are not carrying out attacks for religion, but for dollars ... Whether they belong to the BLA, TTP or any other group, they are paid in dollars," Chaudhry said, referring to the Balochistan Liberation Army and Tehreek-e-Taliban Pakistan.

He added further that Islamabad had repeatedly urged Afghanistan "not to provide space to terrorists and not to become India's proxy".

Pakistan President Asif Ali Zardari strongly condemned the blast, saying, "Targeting innocent civilians is a crime against humanity."